b. होना, चाहिये, and पड़ना all express varying degrees of obligation. Of them होना is the least specific, sometimes occurring where पड़ना could be used with equal appropriateness, sometimes in the sense of 'supposed to' and sometimes where the sense of obligation is extremely dilute:

अब हमें सोने जाना है।	We have to go to bed now. We've got to go to bed now. We're supposed to go to bed now. It's time to go to bed now.

चाहिये stays closer to the sense of English should or ought to; पड़ना, to English have to or got to. The action governed by चाहिये can be denied while that governed by पड़ना cannot. That is, we can say:

> मुझे हिन्दुस्तान जाना तो चाहिये लेकिन नहीं जा पाऊंगा ।
> I ought to go to India but I won't be able to.

but not:

> मुझे हिन्दुस्तान जाना तो पड़ेगा लेकिन नहीं जा पाऊंगा ।
> I have to go to India out I won't be able to.

V-ना होना, like V-ना चाहिये, can also be denied:

> मुझे हिन्दुस्तान जाना तो है लेकिन नहीं जा पाऊंगा ।
> I'm supposed to go to India but I won't be able to manage it.

The obligation expressed by होना is more external than that of चाहिये, less dependent on moral or ethical choices:

> हरेक को किसी न किसी दिन मरना होता ही है ।
> Everyone has to die sooner or later.

4C. को expressions.

Hindi has a number of expressions in which the postposition को occurs where the speaker of English would not expect it:

मुझ को सन्तरे पसन्द हैं ।	I like oranges.

Here the English equivalent of मुझ को is not to me but I. The verb in English agrees with I while the verb in Hindi agrees with सन्तरे. In effect, the Hindi expression and the English expression are diametrically opposed to each other with Hindi recalling a pattern once common in English, too:

Me liketh it not, Milord.

A glance at a list of को-expressions will show that nearly all of them express psychological states rather than physical action. However, this observation is not sufficient to predict what will turn out to be a को-expression in Hindi:

मुझको यह मालूम है ।	I'm aware of this.
मैं यह जानता हूं।	I know this.

Presented here are the more important को-expressions from last year:

चाहिये:	मुझे जाना चाहिये । I should go. I ought to go.
	तुम्हें सन्तरे चाहिये। Do you want oranges?
पसंद होना:	उसे यह कमरा पसंद है। He likes this room.
	हमें घूमना पसंद है। We like taking walks.

देर^F होना:	मुझे देर हो रही है। I'm getting late.
मालूम होना:	उसे यह बात मालूम न थी। He was unaware of this.
V-ना होना:	हमें एक पार्टी में जाना है। We have to go to a party.
V-ना पड़ना:	तुम्हें यह काम करना पड़ेगा। You'll have to do this job.
पता^{M} होना:	क्या आप को पता है, साहब ? Do you know this, Sir?
ज़ुकाम^M होना:	मुझे ज़ुकाम है। I have a cold.
बुख़ार^M होना:	उसे कुछ बुख़ार होगा। She must have a bit of fever.
अफ़सोस^M होना:	मुझे बहुत अफ़सोस है। I'm very sorry.
जल्दी^{F} होना:	क्या आप को जल्दी है? Are you in a hurry?
लगना:	यह हमें अच्छा लगता है। We like this.
V-ना आना:	क्या उसे सरोद बजानी आती है ? Does he know how to play the sarod?
चोट^F आना:	उसे कुछ चोट आई He was somewhat hurt.

Since को -expressions are usually psychological in content it is not surprising that their agents are usually human beings. However two of the को - expressions listed here (namely V - ना चाहिये and V - ना होना) sometimes occur with inanimate agents:

आज आंधी आनी चाहिये । The storm should come today.

दाम उतरने हैं अब । Prices are about to fall now.

In such cases को may be absent; the verb then agrees with the agent in number and gender; and the meaning of obligation disappears. Rather one is talking probabilities. Animate agents may sometimes occur in these constructions without को provided a specific individual is not being referred to:

बेटा, अब तो इस घर में बहू आनी ही चाहिये । (सारा आकाश 1:3)
'Son, it's time for a daughter-in-law to join our family.'

Adding को here has the effect of summoning an actual living, breathing daughter-in-law into existence. For more on को - less को-expressions see Hook 1976.

Drill 4C. को - expressions.

Vocab. ऐस्प्रो f 1 -- a brand of aspirin sold in India
सिर m 92 -- head
शब्द m 36 -- word
दर्द m 22 -- pain
चिल्लाना 47 -- to shout, scream

Answer the questions according to the following models:

Q. तुम मुझसे उसका नाम क्यों पूछ रही हो ? (मालूम)

A. वह मुझे मालूम नहीं है ।

Q. रतन की मां ऐस्प्रो क्यों ले रही है ? (पार्टी में जाना)

A. उसे पार्टी में जाना है ।

1 आप इस क़िस्म के कपड़े क्यों ख़रीदते हैं ? (अच्छा लगना)

२ तुम्हारे पिताजी इतनी जल्दी क्यों चल रहे हैं ? (जल्दी)

3 तुम यह कमरा क्यों नहीं लेना चाहतीं ? (पसन्द)

४ निर्मला इतना क्यों रो रही है ? (बहुत अफ़सोस)

५ मुझे सिर में क्यों इतना दर्द है ? (बुख़ार)

६ तू आज पार्क में क्यों घूम रहा है ? (जल्दी)

७ वह आज दफ़्तर क्यों नहीं आया ? (ज़ुकाम)

८ विभूति डिक्शनरी में क्यों देख रही है ? (यह शब्द पता)

९ आप अभी कहां थे ? (बाहर जाना पड़ना)

1० बच्ची ने ऐस्प्रो क्यों मांगी ? (सिर में दर्द)

11 तुम्हारे दोस्तों ने गाड़ी क्यों ली ? (बस पसन्द)

1२ मुन्नी इस तरह चिल्ला क्यों रही है ? (खाना अच्छा लगना)

Drill 4C. Key.

1 मुझे अच्छे लगते हैं । २ उन्हें जल्दी है । 3 मुझे (वह) पसंद
नहीं (है) । ४ उसे बहुत अफ़सोस है । ५ तुम्हें / आपको बुख़ार
है । ६ मुझे आज जल्दी नहीं है । ७ उसे ज़ुकाम है ।
८ उसको यह शब्द पता नहीं (है) । ९ मुझे बाहर जाना पड़ा ।
1० उसे सिर में दर्द है । 11 उन्हें बस पसन्द नहीं (है) ।
1२ उसे खाना अच्छा नहीं लगता ।

Exercise 4C. को- expressions.

Use them wherever possible.

1. Yes, Pandit, you're very sorry, but you're not ready to do anything.

2. Only your friend was upstairs and only he was hurt.

3. The storm should reach Delhi by tomorrow or the day after.

4. Everyone wants the flower; but no one wants the thorn.

5. Her father doesn't know that she's crazy over such an old man.

6. I don't like your smoking near me. Go away.

Key.

१ हां, पंडित जी, आप को बड़ा अफ़सोस तो है । लेकिन आप कुछ करने को तैयार नहीं हैं ।

केवल दोस्त केवल आई
२ तुम्हारा ऊपर था और उसी को चोट ।
सिर्फ़ मित्र सिर्फ़ लगी

3 आंधी कल या परसों तक दिल्ली पहुंच जानी चाहिये ।
आंधी को कल या परसों तक दिल्ली पहुंच जाना चाहिये ।

हरेक
४ को फूल चाहिये; कांटा तो किसी को नहीं चाहिये ।
सब लोगों

पिता मालूम
५ उसके को यह नहीं है कि वह इतने बूढ़े आदमी पर
बाप पता

फ़िदा हो गई है ।

पसन्द नहीं है ।
६ तुम्हारा मेरे पास में सिगरेट पीना मुझे
अच्छा नहीं लगता ।

चले जाओ ।

Chapter Five

5A. The subjunctive and presumptive: review of forms.

Another set of verb forms which you may have seen last year combines the subjunctive with habitual, progressive or perfect:

Subjunctive habitual:	रोहिणी शायद हर रोज़ जाती हो । Maybe Rohini goes every day.
Subjunctive progressive:	महेश शायद अभी आ रहा हो । Maybe Mahesh is coming now.
Subjunctive perfect:	स्वाती शायद घर लौट गई हो । Swati may have returned home.

With शायद the subjunctive is not used in the past:

शायद उसके गले में दर्द था ।	Maybe she had a sore throat.
वे शायद हर रोज़ जाते थे ।	Maybe they used to go every day.

You will remember that when the speaker wishes to signal that he is not absolutely sure of his knowledge he may use the future:

अब हिन्दुस्तान में रात होगी ।	It must be nighttime now in India.

This use of the future is termed the presumptive. Like the subjunctive, the presumptive has a habitual, progressive and perfect. But unlike the subjunctive with शायद, the presumptive may be used in either the present or the past. Context decides.

Presumptive habitual:

रोहिणी हर रोज़ जाती होगी ।	Rohini must go every day. Rohini must have gone every day.

Presumptive progressive:

महेश अभी आ रहा होगा ।	Mahesh must be on his way now.
महेश उस वक़्त आ रहा होगा ।	Mahesh must have been on his way at the time.

Presumptive perfect:

उसने नई गाड़ी ली होगी ।	He has probably bought a new car. He had probably bought a new car.

In these cases (and others) Hindi sometimes uses a habitual form where a speaker of English would expect a progressive:

वह अभी चाय लाता होगा ।	He must be bringing the tea now.
मैं अब चलती हूं ।	I'm leaving now.
तू इस वक़्त कहां जाती है ?	Where are you going now?

Drill 5A. Review of the presumptive and subjunctive.

Listen to the questions. If you know the facts answer with the same tense as that in the question:

Q: क्या आपका जनम चांद पर हुआ ? (जनम m 32 birth)

A: नहीं, (मेरा जनम) चांद पर नहीं हुआ । (चांद m 9 moon)

If you don't know the facts use the presumptive or शायद :

Q: क्या मैंने कभी केला खाया है ?

A: हां, आपने (केला) खाया होगा ।

Q: क्या मेरी जेब में पैसे हैं ? A: हां, शायद हों ।

१ क्या आपके पास गाड़ी है ?

२ क्या नेहरू जी के पास गाड़ी थी ?

3 क्या मेरी गाड़ी में पेट्रोल है ?

४ क्या आपका नाम बुसाले है ?

५ क्या मैं अमेरीकन प्रेज़िडेंट से मिला हूं ?

६ क्या नपोलियन ने हिन्दुस्तान के बारे में सुना था ?

७ क्या हमारा शहर चीन में है ?

८ क्या लोग हर रोज़ खाना खाते हैं ?

९ क्या मैंने ताज महल देखा है ?

१० क्या आपको इस क्लास में किसी से प्यार है ?

११ क्या आप कल रात घर पर सोए थे ?

१२ क्या मेरे पिताजी मेरी माता को शादी से पहले जानते थे ?

Drill 5A. Review of the presumptive and subjunctive. Key.

१ हां, मेरे पास (गाड़ी) है । or नहीं, मेरे पास (गाड़ी) नहीं (है) ।

२ हां, उनके पास (गाड़ी) होगी । or (हां), शायद उनके पास (गाड़ी) थी ।

३ हां, उसमें (पेट्रोल) होगा ।

४ नहीं, मेरा नाम बुसाले नहीं (है) ।

५ नहीं, आप उनसे नहीं मिले होंगे ।

६ हां, उसने सुना होगा । or (हां), (उसने) शायद सुना था ।

७ नहीं, (हमारा शहर) चीन में नहीं (है) ।

८ हां, (लोग) हर रोज़ (खाना) खाते हैं ।

९ हां, आपने देखा होगा । or (हां), शायद आपने देखा हो ।

१० हां, किसी से है । or नहीं, किसी से नहीं है ।

११ हां, कल (मैं) घर पर सोया था ।

१२ हां, वे उनसे जानते होंगे ।

Exercise 5A. Subjunctive and presumptive.

Translate into Hindi.

1. At just that moment the police car must have crashed into the cliff (चट्टान f 2).
2. Maybe she doesn't like to phone. (पसन्द होना)
3. Her husband was asking for Aspro. He must certainly have had a headache.
4. He was saying he had a fever. Maybe he has to take an exam today.
5. When the people saw the tiger how they must have screamed.
6. The baby is not taking his milk now. Maybe he is about to burp (X को डकार आना -- for X to feel like burping).

Key.

1 ठीक उसी घड़ी पुलिस की गाड़ी चट्टान से टकरा गई होगी ।
टकराई

२ शायद उसे फ़ोन करना पसन्द न हो ।

3 उसका पति ऐस्प्रो मांग रहा था । ज़रूर उसको सिरदर्द (हुआ) होगा ।

४ वह कह रहा है कि उसे बुख़ार है । आज शायद उसे परीक्षा देनी हो ।

५ जब लोगों ने शेर को देखा वे कैसे चिल्लाए होंगे ।
कितना

६ मुन्ना अब दूध नहीं ले रहा । शायद उसे डकार आनेवाला हो ।
आ रहा हो ।

5B. अपना and को-expressions

अपना is used in place of the possessives मेरा, तेरा, उसका, etc., when the possessor is the same as the agent of the action. Thus, when the agent is मैं, अपना has the meaning of मेरा:

तुम्हें तुम्हारी किताब दे दूं ?	'Shall I give you your book?'
तुम्हें अपनी किताब दे दूं ?	'Shall I give you my book?'

But if the agent is तुम, अपना stands in for तुम्हारा:

मुझे मेरी किताब दे दो ।	'Give me my book!'
मुझे अपनी किताब दे दो ।	'Give me your book!'

This rule applies to को-expressions, too (remember, the agent is now signalled by को):

मुझको तुम्हारी किताब चाहिये ।	'I need your book.'
मुझको अपनी किताब चाहिये ।	'I need my book.'

उसे हमारे बारे में बात करना पसंद है ।
'He likes to talk about us.'

उसे अपने बारे में बात करना पसंद है ।
'He likes to talk about himself.'

However, with को-expressions the rule does not seem to be as strict:

याद है मुझको मेरी उमर की पहली वह घड़ी ।
'I remember that first moment of my (adult) life.'
(from the title song of the film मेरे महबूब)

You will occasionally find अपना used in other senses:

मुझको तो बस पैसा चाहिये ।	'All I want is money.'

अपने को तो बस पैसा चाहिये।	'Let the others do their thing. Me, I want money.'
यह हमारा देश है।	'This is our country.'
यह अपना देश है।	'This is your country and my country.'

Using अपना in these cases creates a tone of greater intimacy.

To what degree the interpretation of अपना helps elucidate the notion of agent is a hotly debated issue in Hindi grammar. See Kachru 1970 and Kachru and Bhatia 1975.

Drill 5B. को- expressions and अपना.

Vocab. X से नाराज़ 9 -- angry with X
X से मिलना-जुलना -- to look like X
X से चिढ़ f 2 -- annoyance at X

Change the agent in each of the following to a form of मैं.

Examples:

क्या हरबंस मेरे भाई को ले आए ?	क्या मैं अपने भाई को ले आऊं ?
रतन को अपने घर जाना पड़ेगा ।	मुझे रतन के घर जाना पड़ेगा ।

१ दिवाकर मेरी एक किताब पढ़ रहा है ।

२ विकास अपने लिये क्या कर सकता है ?

3 क्या मां मेरे कपड़े धोबी को दे दे ?

४ अनुराधा को अपना फ़ोन नंबर पता नहीं है ।

५ तुम मेरी बहन से पूछ सकती हो ।

६ तुम अपने घर की ओर जा रही होगी ।

७ रीता अपने से बड़ी नाराज़ थी ।

८ किसी को मुझसे प्यार था ।

९ वह मेरे भाई से मिलता-जुलता है ।

1० अम्बर को अपना मकान सब से अच्छा लगता है ।

11 हरबंस को मुझ से चिढ़ है ।

1२ किसको अपने बारे में बोलना पसन्द है ?

Drill 5B. Key.

1 मैं अपनी एक किताब पढ़ रहा हूं ।

२ मैं विकास के लिये क्या कर सकता हूं ?

3 क्या मैं अपने कपड़े धोबी को दे दूं ?

४ मुझे अनुराधा का फ़ोन नम्बर पता नहीं है ।

५ मैं अपनी बहन से पूछ सकता हूं ।

६ मैं तुम्हारे घर की ओर जा रहा हूंगा ।

७ मैं रीता से बड़ा नाराज़ था ।

८ मुझे अपने से प्यार था ।

९ मैं अपने भाई से मिलता-जुलता हूं ।

1० मुझ को अम्बर का मकान सब से अच्छा लगता है ।

11 मुझे अपने से चिढ़ है ।

1२ मुझको किसके बारे में बोलना पसन्द है ?

Exercise 5B. को-expressions and अपना.

Translate into Hindi, using को-expressions where possible.

1. Did she like her new watch?
2. I didn't want to sell my sitar, but finally (आख़िर) I had to.
3. I was supposed to meet you in my office, not yours.
4. They must be very annoyed (चिढ़ होना) with themselves.
5. I got hurt while I was fixing my boat.
6. Who is unable (नहीं आता) to talk about himself?
7. Somebody must have been in a big hurry to get his car out of here.

Key.

अच्छी लगी ?
१ क्या उसे अपनी नई घड़ी
पसन्द आई ?

२ मैं अपने सितार को बेचना नहीं चाहता था मगर आख़िर बेचना ही पड़ा ।

३ मुझे आपसे अपने दफ़्तर में मिलना था, न कि आपके दफ़्तर में ।

४ उन्हें अपने से बहुत चिढ़ होगी ।

वक़्त
५ (अपनी) नाव ठीक करते मुझे चोट लगी । (or चोट आई)
समय

जब मैं अपनी नाव ठीक कर रहा था मुझे चोट लगी ।

६ अपने बारे में बात करना किसे नहीं आता ?

निकालने
७ यहां से (अपनी) मोटर की किसी को बहुत जल्दी (रही) होगी ।
हटाने

Chapter Six

6A. Some uses of the subjunctive.

In general the subjunctive is used when the speaker does not wish to make any claim about the reality of an event. Since the subjunctive in English has fallen out of use, its proper role in Hindi may not be obvious to you. (However, it may be helpful to realize that the Hindi subjunctive is largely parallel to that of French or Spanish.) There are two main reflections of the basic "meaning" of the subjunctive: 1. to express possible action, 2. to express desired action.

1. Possibility of action is often marked by introductory phrases like शायद, हो सकता है कि ..., मुमकिन है कि ... 'It's possible that...', नामुमकिन है कि... 'It's impossible that...', etc.

> शायद वह अम्मां को सचमुच पसन्द आए ।
> 'Maybe Mother will really like her.'
>
> और नामुमकिन है कि बाबूजी को अच्छी न लगे ।
> 'And it's impossible that Father wouldn't like her.'
>
> मगर यह भी हो सकता है कि लड़कीवालों के पास काफ़ी पैसे न हों ।
> 'But it's also possible the girl's family may not have enough money.'

When expressing possibility of action the subjunctive has the full range of forms given in 5A:

> शायद वह गाड़ी के नीचे आ गया हो । (subjunctive perfect)
> 'Maybe he was hit by a train.'
>
> हो सकता है कि वह सांस छोड़ रहा हो । (subjunctive progressive)
> 'He may be breathing his last.'

The subjunctive of possibility is often found in if-clauses:

अगर किताबोंवाली दुकानें सुबह खुल जाती हों तो हम आज ही ले सकेंगे।
'If the bookstores open in the morning we could get it today.'

2. The subjunctive of desire is restricted to one set of forms: those formed by subtracting गा, गे or गी from the simple future:

तांगा तेज़ चलेगा।	बच्चा चाहता है कि तांगा तेज़ चले।
'The tonga will go fast.'	'The boy wants the tonga to go fast.'
तुम भाग जाओगे ?	सरकार नहीं चाहती कि तुम भाग जाओ।
'You'll run away?	The government doesn't want you to.'

It is used when introduced by phrases expressing desire or obligation: यह चाहिये कि..., ज़रूरी है कि ... 'It's necessary that...', अच्छा यही है कि... 'It's best that...', etc.

पहले यह चाहिये कि मसाले मिल जाएं, तभी खाना बना सकेंगे।
'First we have to get the spices. Then we can make dinner.'

यह ज़रूरी नहीं है कि भिखारी को पूरा एक रुपया दो।
'It is not necessary for you to give the beggar a whole rupee.'

अच्छा यही होगा कि आप सरोद बजाते रहें।
'The best thing would be for you to keep playing the sarod.'

With चाहना the subjunctive of desire must be used if the subject of the verb expressing the desired action is different from the चाहनेवाला:

वह चाहती है कि तुम उसकी फ़ोटो जल्दी खींचो।
'She wants you to take her photo quickly.'

Using the subjunctive after expressions of opinion such as सोचना and मेरे ख़्याल में engages the desire as well as the opinion of the सोचनेवाला. Compare:

मैं सोचता हूं कि आज तुम जल्दी सो जाओगे ।
'I think you'll fall asleep early tonight.'

मैं सोचता हूं कि आज तुम जल्दी सो जाओ ।
'I think you should go to bed early tonight.'

In the second sentence the speaker is expressing what he wants in addition to what he thinks. A similar contrast can be expressed by choosing the subjunctive over the indicative with कहना :

मैं तुमसे कहता रहता हूं कि जल्दी उठो ।
'I keep telling you to get up earlier.'

और तुम मुझसे कहते रहते हो कि जल्दी उठूंगा ।
'And you keep telling me you will.'

Again, using the subjunctive of desire rather than the infinitive plus चाहिये means that the personal preferences of the speaker are being addressed rather than simply his knowledge. Compare:

उन्हें चुप रहना चाहिये (नहीं तो उनका बुरा हाल होगा) ।
'They should keep quiet (or else they'll get into trouble).'

वे चुप रहें (नहीं तो मेरा बुरा हाल हो जाएगा)।
'They better keep quiet (or else I'll get into trouble).'

The subjunctive of desire is found in independent clauses when the speaker is either expressing permission or asking for it:

कहो भई । कौनसे केले लूं ? वे पीलेवाले ?
'Well, tell me. Which bananas should I get? Those yellow ones?'

आप हरेवाले लें । 'You should get the green ones.'

मेरी पत्नी बाहर नौकरी करे ? या घर पर रहे ?
'Should my wife get a job? Or stay at home?'

आप उन्हींसे पूछें । 'You should ask her.'

Since there is little call to tell someone that you give yourself permission to do something or ask him if he gives himself permission, independent first person subjunctives usually come as questions, while second person subjunctives never do.

Drill 6A. Some uses of the subjunctive.

Vocab. X को पता चला कि -- X found out that...
X को शक है कि -- X doubts that...
पक्का 22 -- certain   इच्छा f 47 -- desire, wish

Choose the correct alternative.

१ बाबूजी जानते हैं कि तू कल परीक्षा देनेवाला ___ । (है-हो)
वे चाहते हैं कि तू पूरी तरह से तैयार ___ । (है-हो)
२ इस आदमी का काम यह है कि वह कुओं को साफ़ ___ ।
(रखता है - रखे)
३ भई, हमें अफ़सोस है कि तुम्हें अच्छी नौकरी नहीं मिल रही ___ ।
(है-हो)
हम साहब से कहेंगे कि वे तुम्हें कोई जगह ___ । (दे देंगे - दे दें)
४ कल पता चला कि दोस्त मेरे लिये कुछ भी कर देने को तैयार ___ ।
(हैं - हों)
५ हमें तो शक है कि तुम्हारी यह दवा खाने से दर्द कम हो ___ ।
(जाएगा-जाए)
नहीं, पक्का है कि कम हो ___ । (जाएगा-जाए)
६ अम्मां महरी से रोज़ कहती है कि वह अगले दिन जल्दी ___ ।
(आएगी-आए)
महरी अम्मां से रोज़ कहती है कि वह अगले दिन जल्दी ___ ।
(आएगी-आए)
७ मुमकिन है कि उसकी घरवाली को पकौड़े बनाने न आते ___ । (हैं-हों)
८ पति को बुरा लगता है कि वह इतनी बार मायके जाती ___ । (है-हो)
उसकी इच्छा है कि वह उसे किसी तरह रोक ___ । (लेगा-ले)
९ हो ही नहीं सकता कि उसे वह कमीज़ केवल ग्यारह ही रुपये में
मिली ___ । (है-हो)

Drill 6A. Key.

१ है; हो २ रखे ३ है; दे दें ४ हैं ५ जाएगा; जाएगा
६ आए; आएगी ७ हों ८ है; ले ९ हो

Exercise 6A. Some uses of the subjunctive.

Translate into Hindi. If there is a choice between using a कि -clause and using an infinitive, use the कि -clause.

1. It's her job to keep the floors clean.
2. It's her habit (आदत f 25) to use तू with everybody.
3. It is impossible (नामुमकिन) that the prices of houses in India are going down.
4. It's too bad (अफ़सोस की बात) you have a cold.
5. She wants me to buy this watch for her.
6. Shall I buy it? Or not?

Key.

१ उसका यह काम है कि फ़र्श साफ़ रखे ।

२ उसकी यह आदत है कि वह सब के साथ तू(-तड़ाक) से बात करती है ।
बोलती है ।

3 नामुमकिन है कि हिन्दुस्तान में मकानों के दाम कम हो रहे हों ।
गिर

४ अफ़सोस की बात है कि तुम्हें जुकाम (हो गया) है ।

५ वह चाहती है कि मैं उसके लिये यह घड़ी ख़रीदूं ।

६ क्या मैं ख़रीदूं ? या न ख़रीदूं ? (or simply ख़रीदूं या नहीं ?)
नहीं

6B. से -expressions.

Hindi has a number of verbs and other expressions that govern the postposition से:

चंद्रकान्त से जाने को कहो ।	Tell Chandrakant to go.
वह मुझ से मिलने आएगी ही ।	She'll surely come meet me.
आपको किस से काम है ?	Who do you want to see?
हमें इससे क्या मतलब है ?	What has this to do with us?

In some of these where a kind of reciprocity of action is involved Hindi has से while the English equivalent has with:

इससे मैंने बात की ।	I spoke with her.
उनसे मत लड़ो ।	Don't fight with them!

Here speaking or fighting with X usually means that X speaks or fights back. Other examples:

लहर चट्टान से टकरा गई ।	The wave collided with a rock.
उसने मेरी बहन से शादी की ।	He married my sister.
वह तुझ से मिलती-जुलती है ।	She resembles you.

But others are not amenable to such an explanation and must simply be learnt by heart:

वह आप से बड़ी नराज़ थी ।	She was angry with you.

You will notice that some of these (such as काम होना) are simultaneously से -expressions and को -expressions:

मुझे अपने से चिढ़ है ।	I'm annoyed with myself.
क्या तुम्हें किसी से प्यार था ?	Were you in love with someone?
मुझे तुमसे शिकायत है ।	I have a bone to pick with you.
उसे लहरों से डर लगता है ।	She's afraid of waves.

Drill 6B. से, को, ने, etc.

Vocab. शकल f 4 -- face, appearance बिल्ली f 11 -- cat
चोर m 26 -- thief

Fill the blanks with the appropriate postposition or complementizer.

१ मैं कल तुझ ____ बात करूंगी ।

२ गाय ____ रास्ते पर मूता ।

3 किसी ____ नराज़ है तू ?

४ तो रामचन्द्र को किस ____ शादी कर ____ चाहिये ?

५ ड्राइवर ____ पूछो कि इस गांव ____ नाम क्या है ?

६ मैं ____ उनके साथ खेल ____ चाहा ।

७ लड़के अपने बाप ____ लड़ ____ लगे ।

८ आप लोगों ____ धोबी की शकल मेरे भाई ____ मिलती-जुलती है ।

९ हमारी बहू ____ बिल्लियों ____ ऐलर्जी है ।

१० वह अपनी पत्नी ____ व्हिस्की पी ____ दे ____ तैयार नहीं है ।

११ तुम ____ मुझ ____ कुछ कहना है । अभी कहूं ?

१२ सरदार ____ मेरी गाड़ी के इन्जन ____ ठीक नहीं कर सका ।

13 मां ____ चोरों ____ बड़ा डर लगता है ।

१४ अपने पति ____ उस ____ बहुत शिकायतें थीं ।

Key.

१ से २ ने 3 से ४ से, करना ५ से, का ६ ने,
खेलना ७ से, लड़ने ८ के, से ९ को, से १० को, -ने,
-ने को ११ से, को १२ ∅, को 13 को, से १४ से, को

Exercise 6B. से - expressions.

Translate into Hindi.

1. At that age children are very afraid of waves.
2. Don't you remember I have to see you about something?
3. What father would let his daughter marry a goonda of this sort?
4. When our cat has to fight a dog she cries and spits.
5. Don't ask him for money. He'll tell your mother.
6. What has China to do with such a small country?
7. Yesterday I found out that I am allergic to sugar (चीनी f 12).
8. No one should have (cause for) complaint about you.

Key.

१ उस उम्र में बच्चों को लहरों से बहुत डर लगता है ।

२ आप को याद नहीं है कि मुझे आपसे काम है ?

कौन
3 कौनसा बाप अपनी बेटी को इस क़िस्म के गुंडे से शादी करने देगा ?

४ जब हमारी बिल्ली को कुत्ते से लड़ना पड़ता है तब रोती है और थूकती है।

५ उस से पैसे मत मांगो । वह तुम्हारी मां से कह देगा ।

६ चीन को इतने छोटे देश से क्या मतलब ?

७ कल (मुझे) पता चला कि (मुझे) चीनी से ऐलर्जी है ।

८ किसी को आपसे शिकायत नहीं होनी चाहिये ।

Chapter Seven

Review

Review drill 7A. Focus: 1A.

Form questions for which the sentences below are answers.

Example: कमरे में धोबी है । कमरे में कौन है ?

१ उनकी लड़की को ज़ुकाम हुआ ।

२ उसे इस क़िस्म की दवा देनी चाहिये ।

३ सब से मीठे फल इस दुकान पर मिलते हैं ।

४ लडके उस ओर चले गए ।

५ आंधी दिल्ली परसों पहुंचेगी ।

६ इस मज़दूर को काम से ऐलरजी है ।

७ लकड़ी का दाम पांच रुपए किलो था ।

८ भाई ने ख़बर देने के लिए फ़ोन किया था ।

९ ये पत्थर कुएं में गुण्डों ने डाले होंगे । (पत्थर = stone)

१० गांव के बच्चे तू-तड़ाक से बोलते हैं ।

Key.

१ क्या २ किस ३ कहां ४ किस ओर, किस तरफ़, किधर

५ कब, कब तक ६ किस ७ क्या, कितना ८ क्यों, किसलिये

९ किसने, किन्होंने १० कैसे, किस तरह

Review drill 7B. Focus: 1A, 2A, 3B, 5B, 6A, 6B.

Match the introductory phrases or hedges on the left with the sentences on the right. Example:

सच है कि _____	साले की जेबें ख़ाली हों ।
हो सकता है कि _____	मुन्ने ने बस में तो नहीं मूता ।

Key: सच है कि मुन्ने ने बस में तो नहीं मूता ।
हो सकता है कि साले की जेबें ख़ाली हों ।

It may be necessary to use a process of elimination to arrive at a complete set of correct matches.

१	यह अच्छी बात है कि _____	उसे घर जाते वक़्त चोट आई होगी ।
	मुमकिन है कि _____	नौकर कुछ पकौड़े ले आया हो ।
	मुझे लगता है कि _____	तेरे बच्चे तुझसे मिलते-जुलते हैं ।
२	लड़की को _____	सरदार फ़िदा है ।
	लड़की से _____	मेरा गाना बुरा लगा ।
	लड़की पर _____	पण्डित नाराज़ हुए ।
3	कोई-न-कोई लिखना _____	जानता होगा ।
	किसने आने को _____	जाना चाहिये ।
	तुझे अब तो _____	कहा था ।
४	मुझे मालूम नहीं है कि _____	उन्हें अपने बच्चों का रोना अच्छा लगे ।
	यह हो ही नहीं सकता कि _____	प्रोफ़ेसर साहब आज ही हमारी परीक्षा लेंगे ।
	मेरे ख़्याल में _____	माताजी को उन लोगों से चिढ़ क्यों है ।

५	जैसे भगवान चाहता है ____	वैसी तो तुम्हें न होगी ।
	जैसे मित्र चाहते हो ____	उसी तरह करना पड़ेगा ।
	जैसी मुझे इस चीज़ की ज़रूरत है ____	वैसे ही ख़ुद हो जाओ ।
६	कुमुद चाहती है कि ____	हम बच्ची को चिल्लाने दे रहे हैं ।
	कुसुम सोचती है कि ____	ऐस्प्रो लेने से दर्द कुछ कम हो गया हो ।
	हो सकता है कि ____	मैं उससे प्यार का मतलब पूछूं ।
७	मुझसे मेरी बहन ____	घर पर बुलाती है ।
	मुझे मेरी बहन ____	दूर हो गई ।
	मुझे अपनी बहन से ____	लड़ना नहीं है ।

Review drill 7B. Key.

The matches given here are the ones that permit a correct solution for each group as a whole. Taking each item individually you may find some other possible matches.

१ यह अच्छी बात है कि तेरे बच्चे तुझसे मिलते-जुलते हैं ।
मुमकिन है कि नौकर कुछ पकौड़े ले आया हो ।
मुझे लगता है कि उसे घर जाते वक़्त चोट आई होगी ।

२ लड़की को मेरा गाना बुरा लगा ।
लड़की से पण्डित नाराज़ हुए ।
लड़की पर सरदार फ़िदा है ।

3 कोई-न-कोई लिखना जानता होगा ।
किसने आने को कहा था ?
तुझे अब सो जाना चाहिये ।

४ मुझे मालूम नहीं है कि माताजी को उन लोगों से चिढ़ क्यों है ।
यह हो ही नहीं सकता कि उन्हें अपने बच्चों का रोना अच्छा लगे ।
मेरे ख़्याल में प्रोफ़ेसर साहब आज ही हमारी परीक्षा लेंगे ।

५ जैसे भगवान चाहता है उसी तरह करना पड़ेगा ।
जैसे मित्र चाहते हो वैसे ही खुद हो जाओ ।
जैसी मुझे इस चीज़ की ज़रूरत है वैसी तो तुम्हें न होगी ।

६ कुमुद चाहती है कि मैं उससे प्यार का मतलब पूछूं ।
कुसुम सोचती है कि हम बच्ची को चिल्लाने दे रहे हैं ।
हो सकता है कि ऐस्प्रो लेने से दर्द कुछ कम हो गया हो ।

७ मुझसे मेरी बहन दूर हो गई ।
मुझे मेरी बहन घर पर बुलाती है ।
मुझे अपनी बहन से लड़ना नहीं है ।

Review drill 7C. Focus: 3A, 4C.

Choose the correct alternative(s).

१ मेरी बहन
मेरी बहन को जल्दी में है।

२ विकास ने
विकास मेरे लिए क्या लाया ?

3 तुम
तुम ने इतनी देर क्यों की ?

४ औरतें इसे पसन्द हैं
करती हैं ।

५ आज पानी
पानी को बरसना चाहिये।

६ उन्हें
उन्होंने चोट आई ।

७ मैं
मुझे काम करना है।

८ दिनेश
दिनेश ने कल किससे मिला ?

९ क्या
किसे पता है ?

१० तुम्हें
तुम सब को पसंद हो ।

११ कल उसने
उसको पैसे देने पड़े ।

१२ किसको
किसने जाना है ?

Key.

1. a 2. b 3. b 4. a (He likes women.) or b (Women like him.) 5. a 6. a 7. b 8. a 9. a (What do (I) know?) or b (Who knows?) 10. b 11. b 12. a (Who is supposed to go?) or b (Who has found out?)

Review drill 7D. Focus: 2A.

Form single sentences from the pairs below by using the relative/co-relative construction. Items with a "C" should wind up in the main or co-relative clause; items marked "R", in the relative clause. (NB: In some cases R precedes C and in some it follows.)

Example: R लिफ़ाफ़े पर मेरा नाम था + C लिफ़ाफ़े में किसी और का पत्र था ।

becomes: जिस लिफ़ाफ़े पर मेरा नाम था उसमें किसी और का पत्र था ।

१ R किसी का जनम होता है + C के मां-बाप होते ही हैं।

२ C दिन ज़रा जल्दी आना पड़ेगा + R दिन आपको परीक्षा देनी है ।

३ R लोग लहरों में खेलना बहुत पसन्द करते हैं + C लोगों को प्यार से डर कम लगता है ।

४ क्या सावित्री को C ही तरह का पति मिल गया + सावित्री R तरह का पति चाहती थी ।

५ हमारा कुत्ता C ज़्यादा लड़ने को तैयार होने लगा + R ज़्यादा बिल्ली पीछे हटने लगी ।

Key.

१ जिस किसी का जनम होता है उसके मां-बाप होते ही हैं ।

२ उस दिन ज़रा जल्दी आना पड़ेगा जिस दिन आपको परीक्षा देनी होगी ।

३ जो लोग लहरों में खेलना बहुत पसन्द करते हैं उनको प्यार से डर कम लगता है ।

४ क्या सावित्री को उसी तरह का पति मिल गया जिस तरह का वह चाहती थी?

५ हमारा कुत्ता उतना ज़्यादा लड़ने को तैयार होने लगा जितनी ज़्यादा बिल्ली पीछे हटने लगी ।

Review drill 7E. Focus: 2A, 2B.

Vocab. हाथी m 9 -- elephant
सुन्दर 66 -- beautiful
नाक f 16 -- nose
चूहा m 6 -- mouse
राजा m 88 -- king
चेहरा m 54 -- face
तवा m 2 -- frying pan
आधा 2 -- half
मालिक m 28 -- owner
ऊंचा 59 -- high
X से मिलना-जुलना 2 -- to meet, mix with X

Answer the questions with a relative/co-relative construction. Use the most appropriate from among the suggestions in parentheses.

Examples: फलवाला कौन है ? (फल खाना, फल बेचना, फल ख़रीदना)
फलवाला वह है जो फल बेचता है ।

घोड़ा कितना खाता है ? (चूहा, गाय, हाथी)
घोड़ा उतना खाता है जितना (कि) गाय खाती है ।

More than one alternative may be appropriate in some cases.

१ घरवाला कौन है ? (घर बनाना, उसके पास घर है, उसे घर चाहिये)

२ शकुन्तला कितनी सुन्दर थी ? (बिल्ली, आम, उसकी तसवीर)

3 दिल्ली का रहनेवाला कौन है ? (दिल्ली के पास, दिल्ली से दूर, दिल्ली में ही)

४ लाल नाकवाला कौन है ? (नाक लाल होना, लाल नाकें बेचना, बहुत ज़्यादा छींकना)

५ सीता कहां रहना चाहती थी ? (राजा जनक, राम, रावण)

६ घरवाली कौन है ? (घर चलाना, घर चाहना, घरवाले को चलाना)

७ दमयन्ती का चेहरा कैसा था ? (काला तवा, आधा चांद, पूरा चांद)

८ नाववाले कौन हैं ? (नाव चलाना, नावों के मालिक, नावें बनाना)

९ वह तुझसे कब मिलेगा ? (मैं कहूंगी, मैं उससे नहीं मिलूंगी, वह चाहेगा)

1० ऊंची नाकवाली कौन है ? (और लोगों से मिलना-जुलना, अपने को औरों से अच्छा समझना, नाक लम्बी होना)

Review drill 7E. Key.

1 घरवाला वह (आदमी) है जिसके पास घर है ।

२ शकुन्तला उतनी सुन्दर थी जितनी उसकी तसवीर ।

3 दिल्ली का रहनेवाला वह है जो दिल्ली में ही रहता है ।

४ लाल नाकवाला वह (आदमी) है जिसकी नाक लाल है ।

(लाल नाकवाला वह भी हो सकता है जो बहुत ज़्यादा छींकता है ।)

५ सीता वहीं रहना चाहती थी जहां राम रहते थे ।

६ घरवाली वह (औरत) है जो घर चलाती है ।

(घरवाली वह भी हो सकती है जो घरवाले को चलाती है ।)

७ दमयन्ती का चेहरा वैसा था जैसा पूरा चांद ।

८ नाववाले वे (आदमी) हैं जो नाव चलाते हैं । या

वे (आदमी) जो नावों के मालिक हैं । या

वे (आदमी) जो नावें बनाते हैं ।

९ वह मुझसे तब मिलेगा जब मैं कहूंगी । या

तब मिलेगा जब वह चाहेगा ।

10 ऊंची नाकवाली वह है जो अपने को औरों से अच्छा समझती है ।

(वह है जो औरों से नहीं मिलती-जुलती ।)

Chapter Eight

8. Compound verbs: least marked.

As you may already know in Hindi nearly every verb may, on occasion, appear in compound form. At times one may say सूदन बीमार हुआ 'Sudan got sick', and at others सूदन बीमार हो गया. Deciding when it is proper to use the compound form and when it is not is a question we shall return to later in the course of this book. Here, however, we shall be concerned simply with determining what is the most common compound form for any given verb.

जाना , लेना , and देना are the three auxiliaries most frequently used in compound verbs:

हम स्टेशन पहुंच गए ।	We got to the station.
मैं कबाब खा लूंगा ।	I'll eat up the kabobs.
इसने सब कुछ बता दिया ।	She told all.

Other verbs like डालना 'to throw' and बैठना 'to sit' are also used as auxiliaries:

मैं कबाब खा डालूंगा ।	I'll gobble up the kabobs.
यह सब कुछ बता बैठी ।	She told all (dammit)!

but they appear less frequently than जाना , लेना , or देना . Furthermore, they add their characteristic shade of meaning, whereas जाना , लेना , and देना are often nearly colorless. For this reason compound verbs formed with one of these three are termed "least marked."

Intransitive verbs form their compound forms with जाना:

दिल्ली की बस आई ।	दिल्ली की बस आ गई ।
बैठो ।	बैठ जाओ ।
तुम्हें पैसे मिलेंगे ।	तुम्हें पैसे मिल जाएंगे ।

An important exception is the verb जाना itself. जाना is made compound by preposing the past participle of चलना :

तू यहां से जा ।	तू यहां से चला जा ।
लड़कियां अभी जाएंगी ।	लड़कियां अभी चली जाएंगी ।
वे दिल्ली गये ।	वे दिल्ली चले गये ।

The modal verbs सकना and चुकना have no compound forms.

Transitive verbs have least marked compounds formed either with लेना or देना . The general rule is that if the direction of the action is toward the agent or that if he performs the action for his own benefit, use लेना. Otherwise, use देना . In effect, this rule divides transitive verbs into two groups: 1) those that rarely take देना because they express action always directed toward the agent, and 2) those that may take देना or लेना depending on whether the action is performed for the benefit of the agent or not. Typical members of the first group are verbs of ingestion: खाना , पीना, निगलना 'to swallow', हज़म करना 'to digest'; verbs of perception: देखना, सुनना, समझना, जानना , याद करना ; and verbs with a normal trajectory of action that is directed inward toward the agent: लेना , चूसना 'to suck', पाना 'to find, get', प्राप्त करना 'to obtain, acquire', पकड़ना 'to catch', etc. Because the action in one way or another mostly affects the agent, transitives of the first group are termed "reflexives". The second group includes essentially all the remaining transitive verbs:

यह कर लीजिये ।	Do this (for yourself).
यह कर दीजिये ।	Do this (for someone else).

तू जितनी गालियां देना चाहे उतनी दे ले ।
Give me as many curses as you like. (from गोदान, p. 120)

उसके मुंह पर गाली दे दे तब मैं तुझे मानूं ।
If you abuse him to his face I'll respect you.

However, among the reflexive verbs there is a group which seems to equivocate between जाना and लेना. These are mostly verbs of mental perception: समझना, सीखना, भांपना 'to guess', मानना 'to accept, admit, respect', जानना 'to find out', पहचानना 'to recognize', etc. With लेना these imply some measure of conscious effort. With जाना the mental event occurs as if of itself:

मैंने पहचान लिया कि वह कौन है ।	I figured out who he was.
मैं पहचान गई कि वह कौन है ।	I realized who he was.

There are a number of individual exceptions among transitive verbs: ले जाना 'to take away', चाहना 'to want', देना in the sense of 'to let' and पाना in the meaning of 'to be able' have no compound forms. The compound form of भूलना 'to forget' is always भूल जाना. That of लाना is ले आना.

Among intransitive main verbs, रोना 'cry', हंसना 'laugh', लड़ना, चिल्लाना 'to scream, shout' take पड़ना rather than जाना.

चांद की शकल देखकर मुन्ना हंस पड़ा ।
Seeing the face of the moon, the baby laughed.

शेर को खेत में देखकर किसान चिल्ला पड़ा ।
The farmer screamed when he saw the tiger in the field.

मुसकराना 'smile' (and sometimes रोना and हंसना) takes देना as does चलना in the sense of 'set out':

कैमरा तैयार है । मुसकरा दो सब!
The camera's ready. Everybody smile!

हम परसों सुबह ठीक सवा पांच बजे चल देंगे ।
We'll set out the day after tomorrow at quarter after five in the morning sharp.

Discussion drill 8. Compound verbs: लेना or लेना / देना ?

Decide which of the expressions listed here are reflexive (i.e., cannot occur, when compound, with देना). There may be disagreement about some of the answers.

1	लेना	685	- to take
2	Y का नाम लेना		- to implicate Y (in a crime)
3	डालना	53	- to throw; put; pour
4	नज़र डालना		- to cast a glance
5	पूछना	131	- to ask (a question)
6	रखना	180	- to put, place, set; keep
7	भरना	120	- to fill
8	सांस भरना		- to sigh
9	छोड़ना	71	- to leave, let go of, abandon
10	बोलना	465	- to speak
11	सोचना	61	- to think
12	खींचना	37	- to draw, drag, pull
13	पढ़ना	54	- to read, study
14	खोलना	45	- to open
15	मारना	111	- to kill; beat, strike
16	सिर मारना		- to make great efforts
17	पहनना	40	- to wear, put on (clothing)
18	प्राप्त करना	26	- to get, obtain
19	बुलाना	36	- to invite
20	भेजना	69	- to send
21	मांगना	45	- to ask for
22	ख़रीदना	31	- to buy
23	रोकना	41	- to stop
24	अपना हाथ रोकना		- not to strike, stay one's hand
25	X का ख़याल करना		- to keep X in mind

Discussion drill 8. Key.

1 लेना

2 उसने चोरी में तेरा नाम ले दिया ।

3 मसाले इस बरतन में डाल दो ।

4 only लेना unless casting the evil eye is being referred to: उसने हमारे बच्चे पर ऐसी (बुरी) नज़र डाल दी कि बच्चा तीन ही दिनों में मर गया ।

5 पिताजी से पूछ दो कि वे आज क्या खाएंगे ।

6 सामान वहीं रख दो ।

7 बाल्टी में पानी भर दो ।

8 लेना

9 उसने पति को छोड़ दिया । (rarely used with लेना)

10 मां से बोल दो कि भाई साहब आ गये हैं ।

11 लेना

12 कुरसी मेरी तरफ़ खींच दो ।

13 only लेना unless reading aloud is referred to: मेरे लिये यह पत्र पढ़ दो ।

14 दरवाज़ा खोल दो ।

15 वह बिल्ली को मार देगा ।

16 लेना (इन किताबों में मैंने काफ़ी सिर मार लिया । अब देखना भी नहीं चाहती ।)

17 लेना

18 लेना

19 ज़रा नौकर को बुला दो ।

20 नौकर को यहां भेज दो । (rarely used with लेना)

21 मैं आपके लिये उससे यह किताब मांग दूंगा ।

22 मेरे लिये यह शर्ट ख़रीद दो ।

23 ज़रा उस साइकलवाले को रोक दो ।

24 किसी वजह से उसने मारते मारते अपना हाथ रोक दिया ।

25 लेना

Drill 8. Compound verbs: least marked.

Vocab. इच्छा f 47 -- desire, wish
दीदी f 2 -- common term of address for elder sisters
व्हिस्की f 1 -- liquor
सुल्ताना -- name of girl (Muslim)
X से डरना -- to be afraid of X
साली f 2 -- wife's sister; bitch

Rewrite each of the following using a compound verb formed with the auxiliary that seems most appropriate, given the meaning of the whole sentence.

१ कल मैंने अपनी गाय बेची ।

२ क्या बाज़ार से लिफ़ाफ़े भी लाओगी ?

३ पुलिस ने साले को उस के घर में ही पकड़ा ।

४ आंधी ही की वजह से हमारी बस मकान से टकराई ।

५ आप कोई गाना गाइएगा ।

६ उसकी इच्छा है कि वह चांद पर उतरे ।

७ मुन्ने ने फ़र्श पर मूता है ।

८ दीदी, फ़र्श साफ़ करो ।

९ माता ने अपनी बेटी को स्टेशन पर पहचाना ।

१० अपने कुत्ते को रोको: नहीं तो वह मेरी बिल्ली से लड़ेगा ।

११ आज प्रोफ़ेसर हमारी हिन्दी की परीक्षा लेंगे ।

१२ बूढ़े ने बस की खिड़की से थूका ।

१३ मैंने जेबवाली कमीज़ पसन्द की ।

१४ संकट में सर्वशक्तिमान का नाम याद आता है ।

१५ उनका डाक्टर अस्पताल में भी व्हिस्की पीता है ।

१६ सुल्ताना ने कम उमर में शादी की होगी ।

१७ उसके बाप ने उसकी किसी बूढ़े आदमी से शादी की थी ।

१८ जब मेरी पत्नी को ज़ुकाम होता है तो वह हमेशा लासेंजेज़ चूसती है ।

१९ बच्चे ने पांच ऐस्प्रोज़ निगली हैं; वह ज़रूर बीमार पड़ेगा ।

२० अगर कोई चिल्लाता है तो हमारा बच्चा डरता है ।

२१ साली ने मेरी उमर कैसे भांपी ?

Drill 8. Key.

१ बेच दी   २ ले आओगी   3 पकड़ लिया   ४ टकरा गई   ५ गा दीजियेगा   ६ उतर जाए (with a noticeable difference in meaning)   ७ मूत दिया है   ८ कर दो, कर लो   ९ पहचान लिया (or माता अपने बेटे को स्टेशन पर पहचान गई ।)   १० रोक दो, लड़ पड़ेगा   ११ ले लेंगे   १२ थूक दिया   13 कर ली   १४ आ जाता है   १५ पी लेता है   १६ कर ली होगी   १७ कर दी थी   १८ हो जाता है; चूस लेती है   १९ निगल ली हैं (or बच्चा पांच ऐस्प्रोज़ निगल गया है ।); पड़ जाएगा   २० चिल्ला पड़ता है; डर जाता है   २१ भांप ली (or साली मेरी उमर कैसे भांप गई ?)

Exercise 8. Compound verbs: least marked forms.

Translate into Hindi. Use compound verbs wherever possible.

1. Get back, Pandit! A train is coming this way.
2. My son has fallen madly in love (फ़िदा होना) with the daughter of a friend of mine.
3. When Father heard that the price of sugar had fallen, he bought three and a half seers.
4. Hey! First remove (निकालना) the thorns from these flowers and then give them to me!
5. In the Ramayana just by seeing Ram's face Sita falls in love (प्यार होना) with him.
6. Don't hurry. Let him get dressed first (पहले).

Key.

१ पीछे हट जाइये, पण्डितजी। इस ओर/तरफ़ ट्रेन आ रही है।

२ मेरा बेटा मेरे एक मित्र की बेटी पर फ़िदा हो गया है।

३ जब पिता ने सुन लिया कि चीनी का दाम कम हो/गिर गया है (तब) उन्होंने साढ़े तीन सेर ख़रीद ली।

४ अरे! पहले इन फूलों में से/से कांटे निकाल लो और तब मुझे दे दो।

५ रामायण में राम की शकल/का चेहरा देख लेने से ही सीता को राम से/उस से प्यार हो जाता है।

६ जल्दी मत करो। उसको पहले कपड़े पहन लेने दो।

Chapter Nine

9A. Future imperative.

In addition to the present imperative forms Hindi has a series of future imperative forms:

	Present	Future
Honorific:	आप आ जाइये	आप आ जाइयेगा
Non-honorific:	तुम आ जाओ	तुम आ जाना
Intimate:	तू आ जा	तू आ जाना (तू आ जाइयो)

The present imperative is used to command actions that are to be carried out immediately; the future imperative, for those actions that are to be done after some lapse of time:

उसे अभी मत छोड़ो ।   बाद में छोड़ देना ।
Don't let him go now! Release him later.

वे इस वक्त घर पर नहीं हैं, साहब ।   कल आइयेगा ।
He's not at home now, Sir. Come tomorrow.

However, since a command to do something in the future is less peremptory than a command to do something right away, there is a tendency to use the future imperative as a polite form even where the action is to be carried out immediately. This is especially true of the आप-form:

बैठियेगा, साहब ।   कुछ खाइयेगा ।
Please sit down, Sir. Won't you have something to eat?

For some speakers there exist special future imperative forms in -इयो to be used with तू:

तू कल तीन बजे चली आइयो ।   Come tomorrow at three.

> यह तू किसी को बता न दियो (वरना हमारा राज़ खुल जाएगा) ।
> Be careful not to tell this to anyone (or else our secret will get out).

Other speakers consider forms in -इयो to be dialectal and use forms in -ना instead:

> उसे तू घर पर अकेली कभी न छोड़ना ।
> Be sure you never leave her at home alone.

While a present negative imperative does not come compound (see section 12A) you will sometimes find compound future negative imperatives:

> यह तुम भूल न जाना कि मुझे तुमसे प्यार है ।
> Don't you forget that I'm in love with you.

For more on the future imperative, see Jain 1975.

Drill 9A. Future imperatives.

Vocab. उस्ताद m 10 -- teacher (usually of art or music)
अंगूठा m 4 -- thumb   कुशल mf 8 -- (good) health
फ़ुरसत f 12 -- leisure   दो शब्द -- line or two, note
छी! -- ech! yuck!   मिठाई f 17 -- candy, sweets
गुस्सा 33 -- angry   दामाद m 2 -- son-in-law
जनाब m 3 -- respectful yet friendly term of address; Sir
फ़ौरन 28 -- right away   बस करना -- to call it a day

Choose the most appropriate forms.

1 मुन्ना फिर से अंगूठा चूसने लगा है । अभी जाकर उसको कुछ खिलाओ । / खिलाना ।

२ अबे साले! तू अपने को क्या समझता है ? मेरे साथ तू-तड़ाक से बात मत कर । / करना ।

3 परसों जब नौकर गाड़ी ले आएगा तब उसे ठीक कर दो ।
कर देना ।

४ उस्तादजी । आपको जब फ़ुरसत होगी तब मेरी परीक्षा ले लीजिये ।
ले लीजियेगा ।

५ छी: यह कहानी किसी को कभी सुना न दो ।
सुना न देना ।

६ गुस्सा मत होइये,
होइयेगा, साहब, मगर मुझे ऐसे विचारों से चिढ़ होती है ।

७ अच्छा, बेटी । जाओ
जाना अब । और अपने कुशल के दो शब्द मायके

भेजती रहो । भूल न जाओ । और यह लो, मिठाई । पहुंचकर
रहना । भूल न जाना । लेना,

दामादजी को दे दो ।
दे देना ।

८ जनाब, आप इसी तरह नोट देते रहिये
रहियेगा तो मैं नाचती रहूंगी ।

९ क्या तुम भूल गई आज कौनसा दिन है ? फ़ौरन उठो ।
उठना ।

धो लो ।
१० बस कर
करियो अब । घर जा
जाइयो अपने । वे कपड़े कल धो लियो ।
धो लेना ।

Drill 9A. Key.

१ खिलाओ २ कर, करना 3 कर देना ४ ले लीजिये, ले लीजियेगा ५ सुना न देना ६ होइये, होइयेगा ७ जाओ; रहना; भूल न जाना; लो; दे देना ८ रहिये, रहियेगा ९ उठो १० कर; जा; धो लियो, धो लेना

Exercise 9A. Future imperative.

Translate into Hindi. Use the future imperative wherever appropriate.

1. Cut (बन्द करना) the nonsense (बकवास f 2). And don't you (तू) ever say that to me again.
2. The gods (देवता m 22) said, "Go now, Vishnu, and take birth on earth."
3. When you see her tomorrow, give her this letter.
4. Keep happy (ख़ुश), Brother (भैया).
5. Your tickets are in this envelope, Sir. Please take it now.
6. Think of me, too, sometimes.

Key.

1 बकवास बन्द कर । और यह मुझसे फिर कभी मत
कहियो ।
कहना ।

२ देवताओं ने कहा, "अब जा, विष्णु, और पृथ्वी पर जनम ले ।"
देवताओं ने कहा, "अब जाओ, विष्णु, और पृथ्वी पर जनम लो ।"

3 कल जब तुम उससे
मिलोगी
मिलो
तो उसको यह पत्र दे देना ।

४ भैया, ख़ुश रहना ।

५ आपके टिकट इस लिफ़ाफ़े में हैं, साहब । अब
ले लीजियेगा ।
ले लीजिये ।
लेते जाइये ।
लेते जाइयेगा ।

६ कभी कभी मेरा भी ख़्याल करना ।

9B. Attaching verb to verb with -ने का and -ने की.

In section 3B you reviewed some of the ways one verb can be linked to another in Hindi. Another way this can be done is with the postposition का (or की):

देखो! मुन्नी मूंगफली निगलने की कोशिश कर रही है ।
'Look out! The baby is trying to swallow a peanut.'

महाराजा शिवाजी ने सेना को पीछे हटने का हुक्म दिया ।
'Emperor Shivaji ordered the army to retreat.'

This particular way of linking is governed by verbal expressions that contain nouns: कोशिश करना 'to try' (literally: 'to make attempt'); हुक्म देना 'to order' (literally: 'to give order'). The choice of का or की is determined by the noun contained:

किसान पानी बरसने का इन्तज़ार कर रहे हैं ।
'The farmers are waiting for it to rain.'

टूरिस्ट धूप निकलने की प्रतीक्षा कर रहे हैं ।
'The tourists are waiting for the sun to come out.'

An exception is the verb सोचना which in the meaning of 'to think of (doing something)' or 'to plan on (doing something)' governs की even though no noun is contained:

मैं कबाड़ा उतारने की सोच रहा हूं ।
'I'm thinking of taking down the trash.'

Some of the expressions governing का or की also govern को of agent (see section 4C):

मुझे उस तरह गुस्सा दिखाने का अफ़सोस है ।
'I'm sorry I showed my anger in that way.'

हमारे गांव को बिजली प्राप्त करने की जल्दी थी ।
'Our village was in a hurry to obtain electricity.'

Drill 9B. Attaching verb to verb.

Vocab. बकवास f 2 -- nonsense   जान-बूझकर -- on purpose
प्राध्यापक m 1 -- professor   पेट m 29 -- stomach; womb
ज़िन्दगी f 22 -- life   कर्तव्य m 19 -- duty
X का नाम लेना -- to take X's name, call upon X
इच्छाएं मारना -- to repress one's desires, deny oneself
मामला m 13 -- matter   डकार मारना -- to burp

Fill in the blank with the appropriate complementizer. Decide whether or not you agree with each statement: हां, यह ठीक है । or नहीं, यह बकवास है ।

1 छोटे बच्चों को ज़्यादा चीनी नहीं खिला___ चाहिये ।

२ यूनिवर्सिटी में सब प्राध्यापक पढ़ा___ कोशिश करते हैं ।

3 उम्र के चालीसवें साल से ज़िन्दगी की नाव डूब___ लगती है ।

४ भाई-बहन शकल में एक दूसरे से मिल-जुल___ सकते हैं ।

५ संकट में पंडित लोग किसी भी देवता का नाम ले___ तैयार हो जाते हैं ।

६ लड़के जान-बूझकर डकार मार___ जानते हैं ।

७ आजकल की लड़कियों को शादी कर___ जल्दी है ।

८ हमारे मां-बाप हमारी बेटियों के पेट में से जनम ले___ इन्तज़ार कर रहे हैं ।

९ जब चांद निकलता है तब कुत्तियों को रो___ अच्छा लगता है ।

10 जितने हमारे कर्तव्य ज़्यादा होते हैं उतनी ही हमको अपनी इच्छाएं मार___ पड़ती हैं ।

11 प्लेटफ़ार्म पर थूक___ मना है ।

1२ इस देश को चीन के मामले को जा___ दे___ चाहिये । कहां तक उसपर सिर मारते रह___ है ?

13 बेटे, तुझे अब से अंगूठा चूस___ छोड़ दे___ पड़ेगा ।

Drill 9B. Key.

१ खिलानी चाहिये २ पढ़ाने की कोशिश करते हैं 3 डूबने लगती है ४ मिल-जुल सकते हैं ५ लेने को तैयार ६ डकार मारना जानते हैं ७ शादी करने की जल्दी है ८ लेने का इंतज़ार कर रहे हैं ९ रोना अच्छा लगता है १० मारनी पड़ती हैं ११ थूकना मना है १२ जाने देना चाहिये; मारते रहना है ? 13 चूसना छोड़ देना पड़ेगा

Exercise 9B. Attaching verb to verb with -ने का or -ने की .

Translate into Hindi. Use -ने का or -ने की wherever possible.

1. The farmers tried to clear (साफ़ करना) the wells before the rainy season (बरसात f).
2. The army has gotten the order to stop all tourists.
3. They must be in a hurry to fill the boat.
4. Wait for the right moment (घड़ी f) to come. Then we'll show our strength.
5. Maybe someone is thinking of opening a new shop here.
6. The emperor came to be sorry he'd stayed his hand.

Key.

१ किसानों ने बरसात के पहले कुएं साफ़ करने की कोशिश की ।

टूरिस्ट
२ सेना को सब रोकने का हुक्म मिला है ।
टूरिस्टों को

3 उन्हें नाव भरने की जल्दी होगी ।

ठीक का इंतज़ार
४ घड़ी आने करो । तब हम अपनी ताक़त दिखाएंगे ।
सही की प्रतीक्षा

५ शायद कोई यहां नई दुकान खोलने की सोच रहा हो ।

६ महाराजा को अपना हाथ रोक लेने का अफ़सोस हुआ ।


BANARAS
BOATMAN

Chapter Ten

10A. Possession (translating 'to have').

You already know that in Hindi possession of tangible moveable objects is expressed with the postposition के पास:

क्या किसी के पास माचिस है ?   Anyone got matches?

उनके पास पुरानी वेस्पा थी ।   They had an old Vespa.

If such objects are rather permanent fixtures of the establishments of their owners, के यहां may be also used:

श्री शर्मा के पास (or के यहां) महरी, आया और माली थे ।
Mr. Sharma had a woman for the dishes, an ayah and a gardener.

हमारे यहां / पास बिजली है ।   We have electricity.

Extra-large or unmoveable objects vary between के पास or का depending on whether possession or characteristic activity is in focus:

ठाकुर के पास यही कोई पांच सौ एकड़ ज़मीन होगी ।
Thakur must have something like 500 acres of land.

ठाकुर के गन्ने के खेत हैं ।   Thakur has (or grows) cane.

Many speakers of Hindi make a distinction between possessing things that can be sold or given away and things that remain forever one's own, such as parts of the body or relatives.

उनके पास शेर की आंख है ।   He has a tiger eye. (in a bottle)

क्या तेरे आंखें नहीं हैं ?   Haven't you eyes? (in your head)

This kind of possession is called inalienable possession. Even if I donate my eye to the eye bank it is in some sense still "my" eye. In Hindi inalienable possession is expressed by using a special invariant form of the possessive postposition का, namely के. Notice that it does not agree in number or gender with the thing possessed:

मेरे दो लड़कियां हैं ।	I have two daughters.
हरेक के नाक होती है ।	Everybody has a nose.
उसके तो चार आंखें हैं ।	He wears glasses.

(But notice:

He has a long nose.	उसकी नाक लम्बी है ।)

Even husbands, wives, teachers and friends are considered inalienable in Hindi:

शिवाजी के आठ पत्नियां थीं ।	Shivaji had eight wives.

However, some speakers of Hindi do not use special के. They simply choose the form of का that agrees in gender and number with that which is possessed:

आठवें हेनरी की बस छह पत्नियां थीं ।	Henry VIII had only six.

Special के is sometimes used in the sense of "on the body of":

क्या मैं तेरे एक लगा दूं ?	Shall I give you one (slap)?
तुम्हारे कहां दर्द होता है ?	Where do you hurt?

The possession of intangibles that are experienced is, as you know, usually expressed with को:

पम्मी को ज़ुकाम है ।	Pammi has a cold.
तुझको कोई तकलीफ़ हुई ?	Did you have any trouble?

However, if such intangibles are mental objects like ideas or thoughts, their possession is expressed with का:

मोहन का एक सुझाव है ।	Mohan has a suggestion.

तुम्हारी ऐलर्जियों के बारे में मेरी एक थ्योरी है ।
I have a theory about your allergies.

This same construction is used to express the possession by a whole of its parts:

इस कुर्सी के तीन ही पैर हैं । This chair has only three legs.

Some speakers, however, use special के for this, too:

मेरी साइकिल के सीट नहीं है । My cycle has no seat.

The possession of inherent qualities is usually managed with the postposition में:

हाथियों में बड़ी ताक़त होती है ।
Elephants have great strength.

जो मां-बाप बनना चाहते हैं उनमें बहुत हिम्मत होनी चाहिये ।
Those who want to become parents need to have a lot of courage.

But occasionally such possession is expressed with रखना:

क्या तुम उनके सामने जाने की हिम्मत रखते हो ?
Do you have the courage to face them?

Possession in the sense of containment is expressed with में or पर:

शालिमार होटल में ढाई सौ कमरे हैं ।
The Shalimar Hotel has 250 rooms.

तुम्हारी मेज़ पर बहुत कबाड़ा था ।
Your desk had a lot of junk on it.

It is important not to conclude from the preceding that for any particular entity there is a unique way to express possession. In some cases there is a range of choices each one of which expresses a distinct kind of possessive relation. For example, with काम, not only को but के पास and का are possible (examples from Bendix 1966:143):

उसके पास कोई काम नहीं है।	He is unemployed. He has no jobs (to give others).
उसका कोई काम नहीं है।	He has no function. (idiomatic) He has nothing for me to do.
उसको कोई काम नहीं है।	He is not busy. He is a loafer. He has nothing to do.

Finally there are certain possessive expressions in Hindi which must be learned by heart.

हमें एतराज़ है। We have an objection.

क्या आपके पास ख़ाली वक़्त है? क्या आपको फ़ुर्सत है?
Do you have some free time?

मेरे पास एक सवाल है। मेरा एक सवाल है।
I have a question.

मुझे तुमसे एक सवाल है। I have a question for you.

तुम्हारा यह हक़ नहीं है। You don't have this right.

तुम्हें क्या हक़ है जो उससे इस तरह बोलो?
What right do you have to speak to her like that?

For more on the expression of possession in Hindi see Bendix 1966.

Drill 10A. Possession.

Vocab. मूंगफली f 2 -- peanut(s)   सिपाही m 33 -- soldier
परेशानी f 18 -- trouble   हेड m 1 -- headmaster
sentence + तो -- provided that + sentence

Assuming that the following assert possession, supply the appropriate postpositions.

1 कुरेशी ______ इम्पाला है ।

२ मेरे बेटे ______ स्कूल से ऐलर्जी है ।

3 कार्टर ______ मूंगफली के खेत थे ।

४ इस गांव ______ तीन अस्पताल हैं ।

५ हर सिपाही ______ हिम्मत होनी चाहिये ।

६ तुम्हारे माली ______ कैसी शकल है !

७ मफ़त लाल ______ कितने नौकर होंगे ?

८ क्या तुम ______ कोई उस्ताद है ?

९ हर एक ______ ज़िन्दगी में अपना कर्तव्य होता ही है ।

10 उन ______ ख़ाली वक़्त नहीं होगा ।

11 उसके भाई ______ उस वक़्त कई परेशानियां थीं ।

1२ हेड ______ तुम्हारे लिये एक सुझाव है ।

13 हां, मैं यही ले रहा हूं । आप ______ कोई एतराज़ न हो तो ।

1४ प्रभा ______ नीली आंखें नहीं हैं ।

1५ पुलिस ______ तेरे भाई पर शक हो रहा है ।

1६ इस शब्द ______ कोई मतलब नहीं ।

Drill 10A. Key.

१ के पास २ को ३ के (पास) ४ में or के ५ में
६ के or की ७ के पास or के यहां ८ तुम्हारे or तुम्हारा
९ का १० के पास ११ को or के पास १२ का or के पास
१३ को १४ के or की १५ को १६ का

Exercise 10A. Possession.

Translate into Hindi.

1. I'm sorry. Today I have no free time. I have to take an exam.
2. Your friend's eyes and nose are red. Maybe he has a fever.
3. My father had a lot of land, cane fields, many wells, but no electricity.
4. That tea has milk and sugar; this has only milk.
5. Our ayah must have some complaint about the gardener.
6. What kind of thoughts do thieves and hooligans have?
7. Emperor Shavajii knew that the Maraṭhas would have to have courage and strength.
8. What right does the sardar have to swear (गालियां देना) at us like this?
9. Adults (बड़े) should have love for (से) children.
10. She must have guessed that we had doubts about (पर) her.

Exercise 10A. Key.

मुझे अफ़सोस है । मुझे फ़ुर्सत
१ आज नहीं है । परीक्षा
माफ़ी चाहता हूं । मेरे पास ख़ाली वक़्त

देनी है ।

आंखें है ।
२ तुम्हारे दोस्त की और नाक लाल हैं । शायद उसे बुख़ार
आंख हो ।

३ मेरे पिता के पास बहुत ज़मीन थी, गन्ने के खेत, कई कुएं लेकिन बिजली नहीं थी ।

केवल
४ उस चाय में दूध और चीनी है, इस में दूध है ।
ख़ाली

५ हमारी आया को माली से शिकायत होगी ।

क़िस्म
६ चोर और गुंडों के विचार किस के (होते) होंगे ?
तरह

७ महाराजा शिवाजी (यह) जानते थे कि मराठाओं को हिम्मत और ताक़त रखनी होगी ।

जो
८ सरदार को क्या हक़ है हमें इस तरह (से) गालियां दे ?
कि

सरदार को हमें इस तरह (से) गालियां देने का क्या हक़ है ?

होना
९ बड़ों को बच्चों से प्यार चाहिये ।
रखना

वह भांप गई होगी
१० कि हमें उसपर शक है ।
उसने भांप लिया होगा

10B. Restrictions on the plural.

In Hindi plural forms are used when a word refers to more than one thing:

प्यालियां टूटती हैं ।	'Cups break.'

These we may call semantic plurals. There are other plural forms which do not refer to more than one thing. These are used to show respect, to express measure or simply to agree with another arbitrarily plural word:

ये साहब अभी आए हैं ।	'This gentleman has just come.'
दो घण्टे काफ़ी हैं ।	'Two hours is enough.'
तुम अब भी बच्चे हो ।	'You're still just a kid.'

These we shall refer to as being only grammatically plural.

There are two important differences between semantic plurals and grammatical plurals: 1. Items that are only grammatically plural show all the usual agreements except those that add a syllable:

ये मेमसाहब अभी आई हैं ।	'This lady has just come.'
(cf. ये मेमसाहबें अभी आई हैं ।	'These ladies have just come.')
यहां दो घड़ी लगेंगी ।	'It will take two moments here.'
(cf. यहां दो घड़ियां लगेंगी ।	'Two clocks will go here.')
तुम अब भी बच्ची हो ।	'You're still just a kid.'
(cf. तुम सब अब भी बच्चियां हो ।	'You're all still just kids.')

2. Items that are only grammatically plural never end in-ओं:

इन साहब के लिये चाय लाओ ।	'Bring this gentleman tea.'

even when this would not increase the number of syllables:

पांच पैसे में क्या मिलेगा ? 'What can you get for 5 paise?'

तुम गधे को संस्कृत नहीं आती ? ताज्जुब है ।
'Don't you know any Sanskrit, you dolt? Amazing!'

Nouns of measure show a further peculiarity. If the word expressing the substance measured is also present, the verb will agree with that rather than with the noun of measure:

मैंने एक सेर आम लिये । 'I bought one seer of mangos.'

कल हमें सिर्फ़ दो बोतल दूध मिलेगा ।
'Tomorrow we get only two bottles of milk.'

कभी दो घड़ी फ़ुर्सत मिली तो तुम्हारे साथ ज़रूर चलूंगा ।
'If I ever get a couple moments of free time I'll certainly come along with you.'

Nouns which have English, Persian or Arabic plural endings rarely take -ओं even when they are semantically plural:

ख़्यालों
जनाब, आपके इन ख़्यालात से मुझे चिढ़ होती है ।
'Sir, I am angered by your views.'

टूरिस्टों
यहां के भिखारी को सचमुच परेशान कर देते हैं ।
टूरिस्ट्स
'The beggars here really harass the tourists.'

फ़ोटुओं
मगर अपने से बहुत ख़ुश होते हैं ।
फ़ोटोज़
'But they're very happy with their pictures.'

For many educated speakers it is a point of pride to use the correct Persian, Arabic and English plural forms.

Drill 10B. Restrictions on the plural.

Vocab. छात्र m 23 -- student
मरना 51 -- to die
दादा m 39 -- father's father
याद आना -- to remember
ठण्डा 24 -- cold; cool
खूब 46 -- well; a lot

Given the following contexts determine the correct form for the words in parentheses.

१ छात्रों की ____ स्कूल के सामने जमा होंगी । (माता)

२ कहते हैं कि मरते वक़्त मेरे दादाजी को अपनी ____ याद आईं । (माता)

३ इन ____ के लिये एक फूल लाओ । (मेमसाहब)

४ इन ____ के लिये एक एक फूल लाओ । (मेमसाहब)

५ मुझे ये दो ____ दिल्ली के चोर-बाज़ार में मिलीं । (बोतल)

६ मुझे दो ____ ठण्डा पानी चाहिये । (बोतल)

७ मसाले खूब मिलाकर तीन ____ के लिये किसी ठण्डी जगह रखने चाहिये । (दिन)

८ उन ____ उन्हें तसवीर खींचने में बहुत दिलचस्पी थी । (दिन)

९ आपकी ____ कहती हैं कि आपने दूसरी शादी की तो आपका बुरा हाल होगा । (पत्नी)

१० उनकी ____ एक ही उमर की हैं । (पत्नी)

११ जब वे ____ थीं तब उन दोनों की शादी किसी पैसेवाले आदमी से हो गई थी । (बच्ची)

१२ जब वे ____ थीं तब उनकी दोनों शादियां सरकारी नौकरों से हुईं । (बच्ची)

Key.

१ माताएं २ माता ३ मेमसाहब ४ मेमसाहबों ५ बोतलें
६ बोतल ७ दिन ८ दिनों ९ पत्नी १० पत्नियां
११ बच्चियां १२ बच्ची

Chapter Eleven

11A. Derived transitive verbs.

In Hindi it is possible to form transitive verbs from intransitives by adding the suffix आ to their stems. The forms which result are called "derived transitives" and are not to be confused with causatives (which are discussed in 22A):

Intransitive:	उठना	हुसेन अपनी कुर्सी से उठ गया । Husain got up from his chair.
Derived transitive:	उठाना	हुसेन ने अपनी कुर्सी उठा ली । Husain picked up his chair.
Intransitive:	पहुंचना	तुम्हारी गाड़ी कब पहुंचेगी ? When will your train arrive?
Derived transitive:	पहुंचाना	यह सामान कौन स्टेशन पहुंचाएगा ? Who will deliver this to the station?
Intransitive:	चलना	हमारी गाड़ी बड़ी तेज़ चलती है । Our car goes very fast.
Derived transitive:	चलाना	भाई, इतनी तेज़ मत चलाओ । Don't drive so fast, man!

It will be observed from these examples that the suffix आ adds a meaning roughly equivalent to that of make in English:

उठना -- to rise   उठाना -- to make rise, to raise

चलना -- to go   चलाना -- to make go, to drive

It is possible to derive transitive verbs from some verbs that are already transitive:

Transitive:	सुनना	हम राम की कहानी सुन रहे थे । We were listening to the story of Ram.

Derived transitive:	सुनाना	दीदी हमें कहानी सुना रही थी । Big Sister was telling us a story.
Transitive:	पकड़ना	पुलिस ने उसे घर में ही पकड़ लिया । The police nabbed him at home.
Derived transitive:	पकड़ाना	उसके हाथ में दस रुपये पकड़ाइये । Slip him ten rupees.

The transitive verbs from which one may derive new transitives all have one thing in common. They belong to the same set as those that usually come with लेना when compound: खाना, पीना, देखना, समझना, सीखना, etc. (see section 8).

If the stem contains a long ई, ऊ or आ it is replaced in the derived transitive by the corresponding short vowel:

सीखना -- to learn	सिखाना -- to teach
मानना -- to accept	मनाना -- to persuade
डूबना -- to sink	डुबाना -- to sink (something)

An ओ in the stem is replaced by उ; an ए by इ. If the stem ends in a vowel, a ल is often added in the derived form:

देखना -- to see	दिखाना -- to show
सोना -- to sleep	सुलाना -- to put to bed
पीना -- to drink	पिलाना -- to give a drink

Other formations are irregular to a greater or lesser degree:

उतरना -- to get down	उतारना -- to take down
बैठना -- to sit	बिठाना -- to seat
खाना -- to eat	खिलाना -- to feed
मरना -- to die	मारना -- to kill

निकलना-- to emerge   निकालना -- to take out

From some very common verbs transitives cannot be derived: आना, जाना, होना, पड़ना, रहना, सकना, etc. A few of the reflexive verbs also do not give derived transitives: लेना, पाना, भांपना, पहचानना, निगलना, etc. जनाना (from जानना) is very rare.

The derivation of transitives from को-expressions in those rare instances where it is possible is peculiar:

मुझको याद नहीं है । ज़रा याद दिलाओ ।
I can't remember. Would you remind me?

In general, को-expressions in होना (or आना) give derived transitives in दिलाना or कराना.

उसे सब पर गुस्सा आता है । और फिर वह सब को गुस्सा दिला देता है।
He gets angry at everyone. And then he gets everyone angry (at him).

अगर तुम मेरे भाई को कोई लड़की पसंद करा दो तो उस की शादी इसी साल हो सकेगी ।
If you'd get my brother to like someone then he could be married right this year.

उस तरह बच्चे को बाहर ले जा कर तुमने उसे जुकाम करा दिया ।
By taking the child outdoors like that you made him catch cold.

मुन्नी को डकार नहीं आया । उसको डकार दिलाओ ।
Baby hasn't burped. Burp her.

Note the contrast in:

हम बेटी को शादी के लिये तैयार कर रहे हैं ।
We're getting our daughter ready for the wedding.

हम बेटी को शादी के लिये तैयार करा रहे हैं ।
We're getting our daughter (mentally) ready for the wedding.

Drill 11A. Derived transitive verbs.

Vocab. कुर्सी f 28 -- chair
गिरना 50 -- to fall
छात्र m 23 -- student
मास्टर m 2 -- (school)teacher
नाचना 19 -- to dance
घूमना 37 -- to spin; go here and there
रोना 56 -- to cry

Make a new sentence by replacing the given verb with a derived transitive form. Choose the most appropriate of the two alternatives in parentheses and make it the agent of the new sentence. Example:

गाड़ी इस रास्ते पर चल सकती है । (नौकर, कुत्ता)
नौकर गाड़ी इस रास्ते पर चला सकता है ।

You should keep the tense the same. Notice that sometimes you will have to change the auxiliary used in a compound verb:

मुन्नी सो गई । (मुन्ना, मां) मां ने मुन्नी को सुला दिया ।

1. बूढ़ी औरत गिर गई । (हवा, मकान)
2. छात्र पढ़ रहे हैं । (मास्टर, ड्राइवर)
3. सुरिन्दर वहां बैठ जाए । (तुम, गाड़ी)
4. सामान अब पहुंचना चाहिये । (लहर, महेश)
5. बच्चे सारे कबाब खा जाएंगे । (भगवान, मैं)
6. नाचनेवाली घूमती है । (नाचनेवाला, पैसेवाले)
7. बच्चियां रोएंगी । (यह कहानी, प्यार)

8. हमने कहानी सुन ली ।	(बड़ी बहन, मेरी जेब)
9. मुझे तुम्हारी याद होती है ।	(यह पकौड़ा, वह गाना)
10. कुत्ती यहां से निकल गई ।	(किताब, दुकानवाला)
11. हुसेन को उठना पड़ेगा ।	(कोई, रास्ता)
12. हमको गुस्सा आने लगा ।	(हाथ, शीला)
13. हमें बहुत देर हुई ।	(साला रिक्शावाला, घड़ी)
14. दफ़्तर में ही शाम के सात बज जाते हैं ।	(साहब, घड़ी)
15. तुम्हारी बेटी न डरे ।	(मैं, तुम)

Drill 11A. Key.

१ हवा ने बूढ़ी औरत को गिरा दिया ।
२ मास्टर छात्रों को पढ़ा रहा है ।
३ तुम सुरिन्दर को वहां बिठा दो ।
४ महेश को सामान अब पहुंचाना चाहिये ।
५ मैं बच्चों को सारे कबाब खिला दूंगा ।
६ नाचनेवाला नाचनेवाली को घुमाता है ।
पैसेवाले नाचनेवाली को घुमाते हैं ।
७ यह कहानी बच्चियों को रुलाएगी ।
८ बड़ी बहन ने हमें कहानी सुना दी ।
९ वह गाना मुझे तुम्हारी याद दिलाता है ।
१० दुकानवाले ने कुत्ती यहां से निकाल दी ।
११ किसी को हुसेन को उठाना पड़ेगा
१२ शीला हमको गुस्सा दिलाने लगी ।
13 साले रिकशावाले ने हमें बहुत देर कराई ।
१४ साहब दफ़्तर में ही शाम के सात बजा देते हैं ।
१५ अपनी बेटी को न डराओ ।

Exercise 11A. Derived transitive verbs.

Translate into Hindi.

1. First the ayah put the children to sleep and then she herself went to sleep.
2. If the customs agent (कस्टमवाला m 2) should catch you, then slip a five-dollar note into his hand and he will let you go (छोड़ देना).
3. Jamal (जमाल) did not drink as much milk as the ayah wanted to feed him.
4. I got down from the taxi and told the driver to get the luggage down from the roof.
5. I made them very angry (गुस्सा) at (पर) me.

Key.

१ पहले आया ने बच्चों को सुला दिया और फिर खुद सो गई ।

२ अगर कस्टमवाला तुम्हें पकड़ ले तो उसके हाथ में ५ डालर का नोट पकड़ा देना फिर वह तुम्हें छोड़ देगा ।

3 आया जमाल को जितना दूध पिलाना चाहती थी उतना उसने नहीं पिया ।

जमाल ने उतना दूध नहीं पिया जितना (कि) आया उसे पिलाना चाहती थी ।

४ मैं टैक्सी से उतरा और ड्राइवर $\begin{matrix}\text{को}\\\text{से}\end{matrix}$ छत से सामान उतारने को कहा ।

मैं टैक्सी से उतरा और ड्राइवर- $\begin{matrix}\text{को}\\\text{से}\end{matrix}$ कहा कि वह छत से सामान उतारे ।

५ मैंने उनको अपने पर बहुत गुस्सा दिलाया ।

11B. का expressions: का of agent.

Last year you learnt a few expressions like V- ने का विचार होना 'to plan to V' and V-ने की इच्छा होना 'to want to V'. In certain ways these expressions resemble को-expressions: They describe states, actions and events that occur in the mind rather than in the outside world. And agents of these expressions do not control the ending of the verb. However, there is one important difference: Rather than को these expressions require का (or की) with the agent.

मेरा इस साल चीन जाने का विचार है ।
'I plan to go to China this year.'

छात्रों की हेड से मिलने की इच्छा थी ।
'The students wanted to meet the headmaster.'

An alternant word order is possible for many का-expressions:

मेरी पत्नी का विचार हिन्दुस्तान जाने का है ।
'My wife plans to go to India.'

हेड की इच्छा छात्रों से न मिलने की थी ।
'The headmaster wanted not to meet the students.'

का - expressions interact with अपना in a manner similar to that of को- expressions (see 5B):

अपनी बहनों के लिये कब तक सिर मारते रहने का इरादा है तुम्हारा ?
'How long do you intend to go on knocking yourself out for your sisters?'

बाप का कर्तव्य अपनी बेटियों की शादी करना है ।
'It's a father's duty to arrange the marriages of his daughters.'

का -expressions in होना often have nearly synonymous equivalents in करना that do not govern का of agent:

किसी का लौटने का विचार होगा ।
कोई लौटने का विचार कर रहा होगा ।
'Someone must be planning on coming back.'

बहू का घर से भाग जाने का इरादा है ।
बहू घर से भाग जाने का इरादा कर रही है ।
'Daughter-in-law intends to run away from home.'

One very common and useful का-expression is formed with either होना or करना together with मन or जी:

मेरा मूंगफली खाने को मन है । 'I feel like some peanuts.'

अपने भाई से मिलने को मेरा बहुत जी करता है ।
'I very much want to see my brother.'

The V-ने को in these expressions sometimes alternates with V-ने का:

तुम्हारा काफ़ी पीने का मन है ? 'Do you feel like coffee?'

V-ने को also alternates with a clause in कि plus the subjunctive:

मन करने लगा कि भाई का सब कबाड़ा कमरे से निकाल दूं ।
'I began to feel like throwing all my brother's junk out of the room.'

मन करना and जी करना usually do not take ने (see 3A):

मेरा जी किया कि महरी को नौकरी से फ़ौरन निकाल दूं ।
'I had the urge to fire the kitchen-maid immediately.'

However, more commonly used in the simple past and perfect tenses are मन होना and जी होना :

जब मैंने चांद को दूरबीन से देखा तो मेरा वहां जाने को मन हुआ ।
'When I saw the moon through a telescope I felt like going there.'

You will notice that since these expressions in मन and जी usually

have first person agents (or, in questions, second person agents) the word मेरा (or, in questions, तेरा , तुम्हारा, आपका) can be safely omitted.

Drill 11B. का-expressions: का of agent.

Vocab. संगीत m 8 -- music X भर -- (an) X-full
खुश 24 -- happy
ख़ाली करना -- to empty
X का V-ने का काम होना -- to be X's job to V
बरतन m 11 -- pot, pan
X का V-ने को जी चाहना -- for X to feel like V-ing
ज्ञान m 17 -- knowledge

Repeat the following using the का-expression suggested by the item in parentheses to replace governing verbs like चाहना, सोचना, etc. Leave the tense the same. Meanings may change.

Example:
प्राध्यापक की यह थ्योरी सुन कर मैंने हंसना चाहा । (जी होना)
प्राध्यापक की यह थ्योरी सुनकर मेरा हंसने को जी हुआ ।

1 फ़ज़ीला इसी उस्ताद से संगीत सीखना चाहती है । (इरादा)

२ उसका चेहरा देखो। वह गाली देना चाहता होगा । (मन करना)

3 बच्चों को अपने मां-बाप को खुश रखना चाहिये । (कर्तव्य)

४ शेर देखकर मैंने भागना चाहा । (मन होना)

५ क्या तुम इस बोतल को ख़ाली करने की सोच रहे हो ? (विचार)

६ सिपाहियों को अपने देश के लिये लड़ना पड़ता है । (काम)

७ क्या तुम फोरेन जाने को तैयार हो ? (जी चाहना)

८ महरी को बरतन साफ़ करने पड़ते हैं । (काम)

९ आप कब तक शादी करने का विचार कर रही हैं ? (ख़्याल)

१० पेट भर खाना कौन नहीं चाहता ? (इच्छा)

११ बस, हम पण्डित से और कुछ नहीं मांगना चाहते । (जी करना)

१२ छात्र ज्ञान प्राप्त करने की इच्छा करते हैं । (इच्छा होना)

Drill 11B. Key

१ फ़ज़ीला का इसी उस्ताद से संगीत सीखने का इरादा है ।

२ उसका गाली देने को मन करता होगा ।

३ बच्चों का कर्तव्य अपने मां-बाप को ख़ुश रखना है ।

बच्चों का कर्तव्य अपने मां-बाप को ख़ुश रखने का है ।

४ शेर देखकर मेरा भागने को मन हुआ ।

५ क्या तुम्हारा इस बोतल को ख़ाली करने का विचार है ?

६ सिपाहियों का काम अपने देश के लिये लड़ना है ।

७ क्या तुम्हारा जी फोरेन जाने को चाहता है ?

८ महरी का काम बरतन साफ़ करना(or करने का) है ।

९ आपका कब तक शादी करने का ख़्याल है ?

१० पेट भर खाने की किसकी इच्छा नहीं होती ?

११ बस, पण्डित से और कुछ मांगने को हमारा जी नहीं करता ।

१२ छात्रों की ज्ञान प्राप्त करने की इच्छा है ।

Exercise 11B. का -expressions: का of agent.

Translate into Hindi. Use का of agent wherever you can.

1. I don't know why. He just (यूं ही) felt like (जी करना) screaming, that's all (बस).

2. Who is planning to ask them questions?

3. I don't intend to knock myself out over this matter any more (और).

4. It's my job to sing and yours to listen.

5. Say what you want (कुछ भी), no one wants to listen to the boss's suggestions.

Key.

१ पता नहीं क्यों। उसका यूं ही चिल्लाने को जी किया, बस।

२ उनसे सवाल पूछने का किसका इरादा (or विचार) है?

3 (मेरा) इस मामले पर और सिर मारने का (मेरा) इरादा / विचार नहीं है।

(मेरी) इस मामले पर और सिर मारने की (मेरी) इच्छा नहीं है।

४ गाना मेरा काम है और सुनना तुम्हारा काम है।

५ कुछ भी कहो, साहब के सुझाव सुनने की किसी की इच्छा नहीं है।



12A. Compound verbs: some restrictions.

There are certain contexts in Hindi in which the verb is rarely if ever compound. Some of these are understandable given the compound verb's meaning (see 24A). Others seem more arbitrary. For the moment we shall treat all such restrictions as arbitrary.

As you probably already know, the compound verb usually does not occur in negative contexts. Thus a negative reply to a question always has a non-compound verb even when the question has a compound verb:

X: क्या मैं साहब का पत्र भेज दूं ?	Y: नहीं, मत भेजो ।
X: 'Shall I send the boss's letter?'	Y: 'No, don't.'
X: तुम मेरा पता भूल गईं ?	Y: नहीं, मैं नहीं भूली ।
X: 'Did you forget my address?'	Y: 'No, I didn't.'

When the subject of the sentence is limited by words meaning 'only' the verb tends to be non-compound:

दुर्घटना में सिर्फ़ दो जने मरे । 'Only 2 died in the accident.'

आज जमाल ही आया, बाक़ी लोग कल आ जाएंगे ।
'Today just Jamal came, the others will come tomorrow.'

By specifically limiting his statement with a word meaning 'only' the speaker is expressing a negative notion at the same time that he expresses a positive one: 'Only two died' means that two died and that others did not die.

If a verb form expresses or describes an unchanging state rather than an action, then the compound verb almost never occurs:

मां अपने बच्चों को प्यार करती है ।
'The mother loves her children.'

Here, to say प्यार कर लेती है would imply that the mother's love is constrained, that she steals moments of affection, that she somehow manages to love her child, in short, that she is involved in an action rather than a state (see also 24A).

A number of restrictions on the compound verb are not easily explained. They must simply be learned. 1) Compound verbs do not come with सकना, पाना or चुकना:

X: यह नोट तोड़ सकते हो ? Y: लो, तोड़ दिया ।
X: 'Can you change this note?' Y: 'Done.'

X: क्या दही जम जाएगा ? Y: जम चुका है, जी ।
X: 'Will the yoghurt set?' Y: 'It already has, Sir.'

2) Compound verbs do not come in the progressive:

X: बोतल खोल दी तुमने ? Y: नहीं, अभी खोल रहा हूं ।
X: 'Did you open the bottle?' Y: 'No, I'm opening it now.'

3) Compound verbs do not come in infinitives dependent on verbs of stopping, starting or continuing (बन्द करना, शुरू करना, etc.):

मेरा भाई हंस दिया और मैं भी हंसने लगा ।
'My brother burst into laughter and I began to laugh, too.'

उसने अचानक छींक दिया। but पांच मिनट तक छींकती रही ।
'Suddenly she sneezed.' 'She kept sneezing for 5 minutes.'

In contrast, infinitives dependent on चाहिये, चाहना, पड़ना, होना, देना and others freely occur in compound form:

3 बजे तक आ जाना चाहिये । 'You should come by 3.'

हमको इस लारी से आगे निकल जाना पड़ेगा ।
'We'll have to pass this truck.'

4) देना itself, (in the sense of 'let'), never occurs compound:

पुलिस ने चोर को एक और सिगरेट पी लेने दी ।
'The police let the thief smoke one more cigarette.'

Drill 12A. Compound verbs: some restrictions.

Vocab. ध्यान m 65 -- attention   सही 27 -- correct, right
ध्यान देना -- to pay attention
पेड़ m 39 -- tree
बन्द होना -- to stop (functioning), quit, go off
X का ख़्याल रखना -- to take care of X, look out for X
माल m 10 -- goods, merchandise
बढ़ना 2 -- to increase, advance
दादा m 39 (plural is दादा) -- father's father

Select all the correct alternatives.

लगती है ।
1 आया को तुम्हारी बच्ची बहुत अच्छी
लग जाती है ।

पहचाना ।
२ बीस साल के बाद केवल हमारे माली ने ही मुझे
पहचान लिया ।

खोलने में
3 क्या सिपाहियों को क़िले का दरवाज़ा तकलीफ़ होगी ?
खोल देने में

कहते हैं रखता है ।
४ शेर बड़ी हिम्मत
कह देते हैं रख लेता है ।

आ रहे थे दिया ।
५ परसों जब हम स्टेशन से ड्राइवर ने ध्यान नहीं
आ जा रहे थे दे दिया ।

टकराई
गाड़ी पेड़ से और बन्द हो गई ।
टकरा गई

लगी देने
६ इससे मुझे बहुत चोट और मैं गालियां लगा ।
लग गई दे देने

सोचती हूं
७ मैं कि हेड को संगीत के प्राध्यापक पर शक है ।
सोच लेती हूं

लगता है ।
८ छात्रों को परीक्षाओं से हमेशा बहुत डर
लग जाता है ।

९ उसके बाप ने आज ही उसको मुझे पैसे
दे देने दिये ।
देने दे दिये ।

१० ठीक है। अस्पताल जाने की परेशानी थी। लेकिन हमें ख़बर
दे
दे दे
सकते थे, न ?

11 पत्नी को अपने पति का ख़्याल
रखना
रख लेना
चाहिये ।

१२ बाज़ार में माल का सही दाम
भांपना
भांप लेना
पड़ता है। आपको दुकानदार नहीं
बताएंगे ।
बता देंगे ।

13 हमारे दादा की उमर काफ़ी
बढ़ चुकी है।
बढ़ जा चुकी है।
सब कुछ
भूलते
भूल जाते
रहते हैं।

१४ चट्टान से नीचे
उतरने
उतर जाने
का रास्ता किधर है ?

Drill 12A. Key.

1 लगती है २ पहचाना 3 खोलने में or खोल देने में ४ कहते हैं; रखता है ५ आ रहे थे; दिया; टकराई or टकरा गई ६ लगी or लग गई; देने ७ सोचती हूं ८ लगता है ९ दे देने दिये १० दे 11 रखना १२ भांपना or भांप लेना; बताएंगे 13 बढ़ चुकी है; भूलते १४ उतरने or उतर जाने

Exercise 12A. Compound verbs: some restrictions.

Translate into Hindi. Use the compound verb wherever possible.

1. I think you should drive the memory of that accident out of your mind (दिमाग़ m 26).
2. Actually (वैसे तो) I've already driven it out.
3. The sun (सूरज m 13) attracts the earth (पृथ्वी f 13) toward itself.
4. Sita's face (चेहरा m 54) was so beautiful that it drew everyone's glance in its direction.
5. Only one peasant saw the tiger in the cane field; the others did not.
6. The tiger was standing under the trees. Did you see it?

Key.

१ मैं सोचता हूं कि
मेरे ख़्याल में
तुमको उस दुर्घटना की याद तो (अपने) दिमाग़ से निकाल देनी चाहिये ।

२ वैसे तो मैं निकाल चुका हूं । or वैसे तो मैंने निकाल दी है ।

३ सूरज पृथ्वी को अपनी ओर (or तरफ़) खींचता है ।

४ सीता का चेहरा इतना सुन्दर था कि हरेक की नज़र अपनी ओर खींच लेता था ।

५ सिर्फ़
केवल
एक ही किसान ने गन्ने के खेत में शेर को देखा;
बाक़ियों ने
बाक़ी किसानों ने
नहीं देखा ।

६ शेर पेड़ों के नीचे खड़ा था । क्या तुमने देख लिया ?

12B. का -expressions: का of patient.

In language a patient is that thing or person most affected by the action performed by the agent. In

मैंने कुत्ता घर के सामने से भगा दिया ।
I shooed the dog from in front of the house.

कुत्ता is the patient and मैंने, of course, is the agent.

In Hindi the patient is often followed by का or की in places where the speaker of English would not expect it. Some of these that you learned last year are:

इन्तज़ार करना	क्या तुम अगली बस का इन्तज़ार करोगी ? Will you wait for the next bus?
इन्तज़ाम करना	क्या मैं आपके दोस्त का इन्तज़ाम अपने यहां करूं ? Shall I arrange for your friend at my place? (i.e., Shall I put him up at my house?)

का of patient is sometimes found in को- expressions:

पता होना	किसी को इस बात का पता न था । No one knew of this thing.
इन्तज़ार होना	क्या आपको किसी का इन्तज़ार है ? Are you waiting for someone?

का of patient may even occur together with का of agent:

इरादा होना	मेरा इस साड़ी का इरादा है । This is the sari I want.
मन होना	काफ़ी का मन है आपका ? Do you feel like some coffee?

का of patient is governed by expressions consisting of a noun followed directly by करना or होना or, less frequently, आना, देना, दिलाना and a few others:

याद आना	मुझे अपने छाते की तभी याद आई जब मैं दफ़्तर पहुंच गया । I remembered my umbrella only when I got to the office.
साथ देना	क़िस्मत ने मेरा साथ नहीं दिया, यार । Luck wasn't with me, friend.

It is a peculiarity of such expressions that the nouns they contain may not be marked with को; that is, one cannot say:

क्या तुम अगली बस के इन्तज़ार को करोगी ?

In principle, का of patient is not different from of of patient:

ख़्याल रखना	उनका ख़्याल रखना, भई । Be sure you take care of them, Man.
मज़ाक़ उड़ाना	मेरा मज़ाक़ उड़ाना चाहती हो ? Do you want to make fun of me?

The difference is that such expressions are much more numerous in Hindi than in English. Other useful का of patient expressions are:

मदद करना	दोस्तों ने मेरी इसमें बड़ी मदद की । (My) friends helped me a lot in this.
विश्वास होना	उन्हें इस बात का पक्का विश्वास था । They believed this implicitly. They were convinced of it.
प्रतीक्षा करना	हम तुम्हारी प्रतीक्षा नहीं कर पाएंगे । We won't be able to wait for you.
प्रतीक्षा होना	उसे अपने छोटे भाई की प्रतीक्षा थी । He was waiting for his younger brother.

Drill 12B. का -expressions: का of patient.

Vocab. आराम m 28 -- relief
दिक़्क़त f 2 -- difficulty
क्यों -- well, say, tell me
मौत f 10 -- death
बे (from अबे) -- particle of address expressing anger and disrespect

For each blank decide which is the best postposition.

१ इतने छोटे गांव में सारी सेना ___ इन्तज़ाम करोगे क्या ?

२ क्यों सरदार ? इस उमर में अपने दोस्त की बेटी ___ फ़िदा हो गए हो ?

3 दुकानदार को आप की किताब ___ पता नहीं था ।

४ हम लोगों ___ इन्तज़ार करना पसन्द नहीं है, किसी का भी ।

५ आंख की तकलीफ़ के लिये ऐस्प्रो आप ___ आराम नहीं देगी ।

६ क्या पैसों की दिक़्क़त में भगवान हम ___ मदद करेगा ?

७ फूलों ___ अपने कांटों ___ शिकायत नहीं होती ।

८ यह संगीत मुझे तुम ___ बहुत याद दिलाता है ।

९ आप ___ किस रंग की साड़ी ___ इच्छा है ?

१० क्यों बे ? अपनी मौत ___ तुम ___ जल्दी है क्या ?

११ उस्तादजी ___ बाक़ी छात्रों ___ पक्का विश्वास था; बस, हम ___ नहीं था ।

Key.

१ का २ पर 3 का ४ को ५ को ६ हमारी

७ को; से ८ तुम्हारी ९ की; की १० की; को

का | हमारा
११ उस्तादजी को बाक़ी छात्रों | पक्का विश्वास था; बस | नहीं था।
पर | हम पर

का
उस्तादजी | बाक़ी छात्रों को पक्का विश्वास था; बस हमको नहीं था ।
पर

Exercise 12B. का-expressions: का of patient.

Vocab. सहेली f 2 -- (a female's) female friend
बेवकूफ़ 4 -- fool; foolish

Translate into Hindi. Use का-expressions where possible.

1. Wait for me.

2. Don't make fun of this idea (बात).

3. Can't you arrange for your friends at your mother's place?

4. The fool must believe everything her husband says.

5. I think my brother-in-law will help me in this affair.

6. Did you remind him of the exam?

Key.

१ मेरा इन्तज़ार करो । or मेरी प्रतीक्षा करो ।

२ इस बात का मज़ाक़ मत उड़ाओ ।

३ क्या तुम अपनी सहेलियों का इन्तज़ाम (अपने) मायके नहीं कर सकतीं ?
सकोगी ?

पति विश्वास
४ बेवकूफ़ अपने की हर बात का करती होगी ।
ख़ाविन्द यक़ीन

पति विश्वास
बेवकूफ़ को अपने की हर बात का होता होगा ।
ख़ाविन्द यक़ीन

५ मेरा ख़्याल है कि मेरा साला मेरी इस मामले में मदद करेगा ।

६ क्या तुमने उसे परीक्षा की याद दिलाई ?



Chapter Thirteen

Review drill 13A. Focus: 10A

Vocab. सिरदर्द m 2 -- headache
बचपन m 17 -- childhood
आग f 31 -- fire
जलाना 2 -- to burn; ignite
अंत m 30 -- end
ग़म m 2 -- sorrow
ऊपर से -- in addition

Find the best postposition.

१ हमारे दादा _____ ज़िन्दगी में बहुत परेशानियां आईं ।

२ पहले उन _____ चार पत्नियां थीं ।

३ चारों _____ एक दूसरे से शिकायतें थीं ।

४ दादाजी _____ उनकी शिकायतों की वजह से हर समय सिरदर्द रहता था।

५ यह बात तो छोड़ो, ऊपर से दादा _____ बचपन में दुर्घटना हो गई थी ।

६ उन _____ बस एक ही हाथ था ।

७ इसके अलावा उन _____ नौकरी नहीं थी ।

८ उन _____ जो थोड़ी सी ज़मीन थी उसमें उन _____ छोटा सा खेत था ।

९ उन _____ इतने थोड़े पैसे थे कि आग जलाने के लिये लकड़ी नहीं थी ।

१० लकड़ी क्या, उन _____ माचिस भी नहीं थी ।

११ घर _____ सिर्फ़ दो कमरे थे ।

१२ और हर कमरे _____ दो दो पत्नियां ।

१३ सच दादाजी की ग़म की कहानियों _____ अंत नहीं है ।

Key.

१ को or की   २ के or की   ३ को   ४ को   ५ के or को
६ के or का   ७ के पास   ८ के पास; का   ९ के पास
१० के पास   ११ में   १२ में   १३ का

Review drill 13B. Focus: 6A, 8, 11A.

Vocab. सही 27 -- true, correct
चमकना 32 -- to shine, sparkle
कप्तान m 2 -- captain
तलवार f 15 -- sword

Answering with either the subjunctive or the imperative and using the item in parentheses as agent, suggest remedies for the following complaints. Examples:

a. हैदर नहीं उठ रहा है। (हम) क्या हम (उसे) उठा दें?

b. बेटे को लड़की पसंद नहीं है। (पिताजी) पिताजी पसंद करा दें।

१ हमसे होथी कुछ भी नहीं खा रहा। (मालिक)

२ तांगे का घोड़ा पीछे हटना नहीं चाहता। (तांगेवाला)

३ मुझे पण्डितजी का सही नाम याद नहीं है। (आप)

४ घरवाली मायके जाने को तैयार नहीं है। (तुम)

५ शबनम रो ही रही है। ज़रा भी नहीं हंसती। (हम)

६ दामादजी चाहते हैं कि वह उनके पास रहे पर वह नहीं मानती। (उसकी मां)

७ तेरे छोटे भाई को ख़ुद कोट पहनना नहीं आता। (तू)

८ गुण्डो सालो! क्या तुम कभी नहीं सोओगे? (मैं)

९ लोगों के हक़ों का सवाल राजा नहीं समझ सकता। (सेना)

१० कप्तान को जितनी चाहिये उतनी उसकी तलवार नहीं चमक रही। (सिपाही)

Key.

१ मालिक (उसे कुछ) खिला दे?
२ तांगेवाला (उसे) पीछे हटा दे।
३ आप (मुझे) याद दिला दीजिये। / दें।
४ तुम (उसे) तैयार करा दो।
५ क्या हम (उसे) हंसा दें?
६ उसकी मां (उसे) मना दे। / मनाए।
७ तू (उसे कोट) पहना दे।
८ क्या मैं (तुमको) सुला दूं?
९ सेना (उसे) समझा दे।
१० सिपाही चमका दे।

Review drill 13C. Focus: 8, 12A.

Change simple verbs to compound wherever possible. Use a 'least-marked' auxiliary (लेना , देना, जाना, पड़ना). Examples:

बकवास बंद करो और हाथ ऊपर उठाओ! बोलो मत!

बकवास बंद कर दो और हाथ ऊपर उठा लो! बोलो मत!

If a compound verb cannot be used, give a reason.

1 हिम्मत रखो ।

२ पैसे रखो ।

3 वह बेटे को पहले ही सेर से ज़्यादा दूध पिला चुकी थी ।

४ और अब बाक़ी दूध बेटी को पिला रही थी ।

५ सरदार ने सिगरेट पीनी चाही ।

६ पिता की मौत के बाद उसने सिगरेट पीना बंद किया ।

७ वह सहेली के शब्दों को जल्दी समझती है ।

८ मैं इन शब्दों को आसान समझता हूं ।

९ वहां सभी जने तुम्हें पहचानेंगे ।

10 मास्टर ने छात्रों को अच्छी हिन्दी नहीं सिखाई ।

11 क्यों बे! एक लगाकर तुझे मां (की) याद दिलाऊं ?

12 अमरीकन हर वक़्त अपने बच्चों को मिठाई खिलाते रहते हैं ।

13 परीक्षा का रिज़ल्ट सुनकर भाई रोया और मैं भी रोने लगा ।

१४ आख़िर जब हेड ने मदद मांगी तब केवल एक ही हाथ उठा ।

१५ आम तौर पर कस्टमवाले टूरिस्टों को तो कुछ नहीं कहते पर यहां के लोगों को परेशान करते हैं ।

१६ यह कोई ग़म की कहानी नहीं है । ज़रा मुसकराओ, न !

Review drill 13C. Key.

१ No compound is possible: हिम्मत रखना 'to have courage' is a stative expression. २ रख लो or रख दो 3 No compound is possible when modal चुकना is present. ४ No compound is possible in the progressive. ५ पी लेनी; चाहना, as a stative, never comes compound. ६ बन्द कर दिया or बन्द कर लिया; No verb dependent on a verb of starting, stopping or continuing can be compound. ७ समझ लेती है or समझ जाती है ८ No compound is possible: in this meaning समझना is a stative. ९ पहचान लेंगे or पहचान जाएंगे १० Compound verbs rarely come in negatives. ११ No compound in conjunctives; याद दिला दूं? १२ See # ६ 13 See #११; रो पड़ा; see # ६. १४ No compound: केवल X ही acts like a negative. (मांग ली is O.K.) १५ See # १०; परेशान कर देते हैं १६ मुसकरा दो, न!

Review drill 13D. Focus: 6A, 9B, 11B.

Vocab. ख़ाली करना -- to quit   असली 12 -- true, real
पहाड़ m 19 -- mountain   बढ़ाना 33 -- to increase
X को लेकर -- about X, over X, with regard to X
X की Y से V-ने की प्रार्थना होना -- for X to beg Y to V

Many का of agent and V-ने का expressions govern either some form of the infinitive or a कि-clause with the subjunctive. Convert the following to कि-clauses. Example:

मेरा वहां से फ़ौरन चल देने को मन हुआ ।

मेरा (यह) मन हुआ कि वहां से फ़ौरन चल दूं ।

१ राकेश की सरोद सीखने की इच्छा हुई ।

२ सिपाहियों को क़िला ख़ाली कर देने का हुक्म मिला ।

३ मालिक से इससे और अच्छी नौकरी मांगने की सोच रही हूं ।

४ मेरा किसी ऊंचे पहाड़ पर जाने को जी चाहा ।

५ क्या तुम उसके मुंह पर यह कह देने की हिम्मत रखते हो ?

६ एक दूसरे की मदद करना असली मित्रों का कर्तव्य है ।

७ भैया की हमेशा कोशिश अपनी ताक़त बढ़ाने की रही है ।

८ उनका इस मामले को लेकर सरकार से टकराने का इरादा नहीं है ।

९ कभी लगता है कि बच्चों का काम बस चिल्लाते रहना ही है ।

१० जितना हो सके उतना ज्ञान प्राप्त करने का मेरा विचार है ।

११ बच्चो, मेरी तुमसे ज़रा चुप बैठने की प्रार्थना है ।

१२ क्या तेरा दोस्तों का भी मज़ाक़ उड़ाने का ख़्याल है ?

Review drill 13D. Key.

१ राकेश की यह इच्छा हुई कि वह सरोद सीखे ।

२ सिपाहियों को हुक्म मिला कि वे क़िला ख़ाली कर दें ।

३ मैं सोच रही हूं कि मालिक से इस से और अच्छी नौकरी मांगूं ।

४ मेरा जी चाहा कि मैं किसी ऊंचे पहाड़ पर जाऊं ।

५ क्या तुम यह हिम्मत रखते हो कि उसके मुंह पर यह कह दो ?

६ असली मित्रों का कर्तव्य है कि वे एक दूसरे की मदद करें ।

७ भैया की हमेशा यह कोशिश रही है कि वे अपनी ताक़त बढ़ाएं ।

८ उनका इरादा नहीं है कि वे इस मामले को लेकर सरकार से टकराएं ।

९ कभी लगता है कि बच्चों का बस यही काम है कि वे चिल्लाते रहें ।

१० मेरा (यह) विचार है कि जितना हो सके उतना ज्ञान प्राप्त करूं ।

११ बच्चो: मेरी तुमसे यह प्रार्थना है कि तुम ज़रा चुप बैठो ।

१२ क्या तेरा यह ख़्याल है कि तू दोस्तों का भी मज़ाक़ उड़ाए ?

Review drill 13E. Focus: 3A, 3B, 4C, 6B, 9B, 10A, 11B, 12B.

Fill in the blanks with the appropriate postpositions.

१ मेरे पिताजी बड़े किसान थे । उन ___ यही कोई चार सौ एकड़ ज़मीन थी ।

२ पर वे किसान ही नहीं थे । उन ___ ऐस्ट्रानोमी ___ भी बहुत दिलचस्पी थी ।

3 उन्हों ___ हमारे घर की छत ___ दूरबीन लगाई थी ।

४ जब मैं छोटा था मेरा उस दूरबीन से चांद देखने ___ बहुत जी करता था ।

५ लेकिन छत पर जाना पिताजी के अलावा सब ___ मना था ।

६ दूरबीन से चांद देखने ___ इच्छा मेरे दिमाग़ से नहीं निकलती थी ।

७ जब मैंने पिताजी से कहा कि वे मुझे देखने ___ ऊपर जाने दें तो वे मुझ ___ बहुत गुस्सा हुए ।

८ कहने ___ लगे "बच्चों ___ काम स्कूल में पढ़ने ___ है और घर में खाना खाकर जल्दी सो जाने ___ है ।

९ उन ___ बड़े लोगों की चीज़ों ___ कोई काम नहीं है ।"

१० कहा कि तुम ___ बड़ा होने ___ इन्तज़ार करना पड़ेगा ।

११ तुम ___ छोटी उमर में सब कुछ देखने ___ इतनी जल्दी क्यों है ?

१२ मुझ ___ उनका यह सवाल बुरा लगा लेकिन उन ___ कुछ नहीं कह सकता था ।

13 बस उन ___ नाराज़ होकर अपने कमरे ___ चला गया ।

१४ तभी से चांद देखने ___ ही नहीं बल्कि वहां जाने ___ भी मन होने लगा ।

१५ बाद में मैं बड़ा हो ही गया । ज़िन्दगी में चांद ___ ही नहीं हर बात ___ पता चल गया ।

१६ जब उन दिनों ____ याद आती है तो अब भी कम से कम मन तो चांद पर जाने ____ तैयार हो जाता है ।

१७ फिर भी अपनी ज़िन्दगी का वह पहला चांद दूर रहा । आज भी उसे फिर से देख ____ पाने ____ प्रतीक्षा ____ हूं ।

Review drill 13E. Key.

१ उनके पास or उनकी २ उन्हें or उनको; ऐस्ट्रानोमी में ३ उन्होंने; छत पर ४ देखने को/का ५ सब को or सब के लिये ६ देखने की ७ देखने को/के लिये; मुझपर/मुझसे ८ ∅ (nothing); बच्चों का; पढ़ने का; सो जाने का ९ उनका or उनको; चीज़ों से १० तुम्हें or तुमको; होने का or होने तक ११ तुम्हें or तुमको; देखने की १२ मुझे or मुझको; उनसे १३ उनसे or उनपर; कमरे में or कमरे ∅ १४ देखने को/का; जाने को/का १५ चांद का; हर बात का १६ दिनों की; जाने को १७ देख पाने की प्रतीक्षा में

Chapter Fourteen

14A. Review of passive.

The passive voice in both Hindi and English allows us to talk about actions and events when we do not know who is the agent ("Jimmy Hoffa was murdered."), when we do not wish to reveal the identity of the agent ("The numbers will be delivered in a brown paper bag."), or when the agent's identity is too obvious or unimportant to mention ("Dillinger has been arrested."). It is formed in Hindi, as you know, with the auxiliary verb जाना which governs the past participle of the main verb. Or the passive can be thought of as being expressed by the sequence -आ जा- (after vowels -या जा-) which is attached to the stem of the main verb:

पूछना	पूछा जाना	'to ask ------- to be asked'
खाना	खाया जाना	'to eat ------- to be eaten'
करना	किया जाना	'to do -------- to be done'
ले जाना	ले जाया जाना	'to take away - to be taken away'

The passive agrees in gender, in number, and, where possible, in person with whatever was the direct object in the corresponding active:

ऊर्मिला कबाब खाएगी ।	'Urmila will eat the kabobs.'
कबाब खाए जाएंगे ।	'The kabobs will be eaten.'
मैं सवाल पूछ रही हूं ।	'I am asking a question.'
सवाल पूछा जा रहा है ।	'A question is being asked.'

As you know, direct objects, especially animate ones, are often marked by को. In the corresponding passive sentence such a को may be retained or dropped. If retained, the verb must assume the masculine singular form:

मां दीदी को ख़ूब मारती है ।	'Mom beats Sis a lot.'
दीदी को ख़ूब मारा जाता है ।	'Sis gets beaten a lot.'
वे मुझे फ़ौरन पहचान लेंगे ।	'They'll recognize me right off.'
मुझे फ़ौरन पहचान लिया जाएगा ।	'I'll be recognized right off.'

If को is dropped, then there is agreement:

मैं फ़ौरन पहचान ली जाऊंगी ।

However, if such a को expresses indirect object it cannot be dropped, even in a passive sentence:

भैया को इतना बढ़िया सितार क्यों दिया जा रहा है ?
'Why is Brother being given such a fine sitar?'

This applies as well to the को in derived transitive को-expressions (see 11A). In a passive such a को cannot be dropped:

उनको याद दिलाया जाए कि आज रानी की वर्षगांठ है ।
'May they be reminded that today is the Queen's birthday.'

Modal verbs सकना and चुकना are separated from the main verb in the passive by -या जा-:

वह यह गाड़ी चला सकता है ।	'He can drive this car.'
यह गाड़ी चलाई जा सकती है ।	'This car can be driven.'

Compound verbs, however, act as a unit with both parts coming to the left of -या जा-:

क्या मैं मेज़ हटा दूं ?	'Shall I move the table away?'
क्या मेज़ हटा दी जाए ?	'Shall the table be moved away?'

Only those compound verbs whose auxiliary element is itself a transitive verb can be put in the passive when the main verb is transitive. Thus, समझ लेना is passivizable; समझ जाना is not:

सुल्ताना सुल्ताना ने	मेरे शब्दों का मतलब	समझ गई । समझ लिया ।

'Sultana understood the meaning of my words.'

मेरे शब्दों का मतलब समझ लिया गया ।
'The meaning of my words was understood.'

चाहना, चाहिये, होना, लगना and देना permit a dependent infinitive to be in the passive:

हम वहां ले जाए जाना नहीं चाहते ।
'We don't want to be taken there.'

गाएं मोटी रस्सी से बांध दी जानी चाहिये ।
'Cows should be tied with a thick rope.'

दिल्ली की सड़कें अब सुधारी जाने लगी हैं ।
'The streets of Delhi have now begun to be improved.'

साहब इतना माल हज़म किया जाने नहीं देगा ।
'The boss won't allow so much stuff to be diverted.'

पड़ना, however, seldom allows a passive dependent infinitive:

गन्ना अब काटना पड़ेगा ।   'The cane has to be cut now.'

पाना also does not occur with a passive (see 19B).

Except in expressions of incapacity (for which see section 17A) the agent of a passive is very rarely expressed. But in formal or journalistic Hindi it is sometimes found followed by the postposition के द्वारा:

यह कविता राधेश्याम के द्वारा लिखी गई है ।
'This poem was written by Radheshyam.'

Drill 14A. Review of passive.

Vocab. ताकि 7 -- so that, in order that
महाराजा m 2 -- emperor, maharajah
लादना 7 -- to load
कोतवाल m 1 -- chief of police (pre-British)

By deleting agents give passive counterparts to the following:

Example: नौकर टैक्सी ला रहा है ताकि हम तुम्हें समय पर स्टेशन पहुंचा सकें ।

changes to: टैक्सी लाई जा रही है ताकि तुम्हें समय पर स्टेशन पहुंचाया जा सके ।

or: टैक्सी लाई जा रही है ताकि तुम समय पर स्टेशन पहुंचाए जा सको ।

१ पुलिसवालों ने यूनिवर्सिटी के दरवाज़े से छात्रों को हटा दिया ।

२ कई जने उस लड़की की तलाश कर रहे हैं, मगर उसे मालूम नहीं है ।

३ आंधी की वजह से किसानों को अपनी गायें रस्सी से बांधनी पड़ीं ।

४ इन गुंडों ने जो बुरे ख़्याल तेरे दिमाग़ में बिठा दिये हैं वे मैं कैसे निकालूं ?

५ पत्नी ने लम्बी सांस भरी और पति से ग़म की शिकायत करने लगी ।

६ क्या आपकी इच्छा है कि मैं यह छाता कम दामों पर बेच दूं ?

७ माता बच्चों को ऊपर वाले कमरे में सुला चुकी है ।

८ अरे! दर्द कम होने की कब तक प्रतीक्षा करूं ? दवा लानी चाहिये ।

९ महाराजा के हुक्म पर कोतवाल ने उसे पकड़ा और जेल में बन्द कर दिया ।

१० मज़दूरों से कहो कि वे लारी पर माल लादते रहें ।

११ जी, आपसे हमारी इन दिक़्क़तों पर ज़रा ध्यान देने की प्रार्थना है ।

१२ तुम लोगों ने इस बेवकूफ़ को मेरी नाव क्यों ले जाने दी ?

Drill 14A. Key.

१ यूनिवर्सिटी के दरवाज़े से छात्र हटा दिये गये ।
छात्रों को हटा दिया गया ।
२ उस लड़की की तलाश की जा रही है मगर उसे मालूम नहीं है ।
३ आंधी की वजह से किसानों की गाएं रस्सी से बांधनी पड़ीं ।
४ जो बुरे ख़्याल तेरे दिमाग़ में बिठा दिये गए हैं वे कैसे निकाले जाएं ?
५ लम्बी सांस भरी गई और पति से ग़म की शिकायत की जाने लगी ।
६ क्या आपकी इच्छा है कि यह छाता कम दामों पर बेच दिया जाए ?
७ बच्चों को ऊपर वाले कमरे में सुलाया जा चुका है ।
बच्चे ऊपरवाले कमरे में सुलाए जा चुके हैं ।
८ अरे! दर्द कम होने की कब तक प्रतीक्षा की जाए ? दवा लाई जानी चाहिये ।
उसे
९ महाराजा के हुक्म पर पकड़ा गया और जेल में बन्द कर दिया गया।
वह
१० मज़दूरों से कहा जाए कि माल लारी पर लादा जाता रहे ।
११ जी, (हमारी) आपसे प्रार्थना है कि हमारी इन दिक़्क़तों पर ज़रा ध्यान दिया जाए ।
१२ इस बेवकूफ़ को मेरी नाव क्यों ले जाने दी गई ?
तुमने मेरी नाव क्यों ले जाई जाने दी ?
मेरी नाव क्यों ले जाई जाने दी गई ?

Exercise 14A. Review of passive.

Translate into Hindi. Use the passive where possible.

1. A tika (टीका m 2) can be applied with the thumb.

2. You don't tell a person this to his face.

3. Don't put those bottles here. Otherwise, they'll deliberately (जान-बूझकर) be broken (तोड़ना).

4. By then Nixon had already been implicated (X का नाम लेना) in the Watergate affair.

5. Every day the trash is taken away at six o'clock.

6. OK, we can sit (बैठकर) here and take a quick look (नज़र) at the examination result.

7. She's to be seen (साथ देना) to her door.

Key.

१ टीका अंगूठे से लगाया जा सकता है।

२ यह किसी को (or से or के) मुंह पर नहीं कहा जाता।

3 वे बोतलें यहां रखी न जाएं। नहीं तो वे जान-बूझकर तोड़ दी जाएंगी।

४ तब तक वाटरगेट के मामले में निक्सन का नाम लिया जा चुका था।

५ कूड़ा
कबाड़ा रोज़ छह बजे ले जाया जाता है।

६ अच्छा, यहां बैठकर परीक्षा के रिज़ल्ट पर जल्दी(-जल्दी) नज़र डाली जा सकती है।

७ उसका साथ उसके दरवाज़े तक दिया जाना है।

14B. जब तक... and तब तक... .

The proper use of जब तक and तब तक is a subtle matter for students of Hindi whose mother tongue is English. Depending on whether the contents of the clause that follows constitute a line in time or a point, जब तक may translate English 'so long as', 'until', 'unless' or 'by the time'.

1. If the जब तक clause describes a situation or action that is viewed as a line (i.e., has duration in time), then जब तक is an equivalent of English 'so long as':

> जब तक साहब मौजूद रहते हैं तब तक सब जने मन लगाकर काम करते हैं ।
> 'As long as the boss is around everyone works in earnest.'
>
> जब तक तुम पैसे देते रहोगे तब तक वह नाचती रहेगी ।
> 'She'll keep dancing as long as you keep giving her money.'

2. If the जब तक clause describes an action seen as a point in time or a limit to the action in the तब तक clause, then जब तक translates either 'until' or 'unless':

> जब तक तुम भिखारियों को कुछ दे न दो तब तक वे तुम्हें परेशान करना नहीं छोड़ेंगे ।
> 'Unless you give the beggars something they won't stop harrassing you.'
>
> छात्र लगातार शोर मचाते रहे जब तक कि मास्टर आ नहीं गया ।
> 'The pupils kept up a continuous racket until the teacher came.'

You will notice that the जब तक clause has a negative particle while its English equivalent does not. A moment's reflection will show that the presence of this negative particle has the effect of converting a positive point in time to a negative line in time. This allows Hindi जब तक to render both 'so long as' and 'until/unless':

> जब तक वह तसवीर खींच न ले तब तक उसे पैसे मत देना ।
> 'Until (or unless) he takes
> 'So long as he doesn't take
> the picture, don't pay him.'

The presence of the negative in a जब तक clause does not interfere with the presence of a compound verb. In fact, in these cases it tends to promote compound verbs.

3. If the action in the जब तक clause is seen as a point in time without constituting a limit or end-point to some continuous action in the तब तक clause, then जब तक renders English 'by the time' or 'before':

> जब तक उसने बंदूक उठाई तब तक शेर भाग गया था ।
> 'By the time he picked up his gun the tiger had run away.
>
> जब तक तुम सौन्दर्य का सही मतलब समझोगे तब तक तुम्हारे बाल सफ़ेद हो जाएंगे ।
> 'By the time you understand the real meaning of beauty your hair will have turned gray.'

Notice here that the जब तक clause cannot have a compound verb while the तब तक clause is very likely to. With the sentence at the top of the page compare:

> जब तक वह तसवीर पूरी करेगा तब तक मैंने उसे सारे पैसे दे दिये होंगे ।
> 'By the time he finishes the picture, I'll have given him all the money.'

For more on जब तक and तब तक see Seguin 1973.

Drill 14B. जब तक... and तब तक... .

Vocab. गधा m 2 -- donkey
बढ़िया 3 -- fine,excellent
घटिया 3 -- poor, lousy
मान लेना -- to suppose
आसमान m 11 -- sky
तारा m 7 -- star
सुधरना 5 -- to improve
तबीयत f 13 -- health
इलाज m 2 -- treatment
जारी रखना -- to continue

Match the clauses on the left with their appropriate mates on the right and give the correct translation of जब तक for every possible match. Example:

A गधा तब तक तेरे केले खाता रहेगा
B गधा तब तक तेरे सब केले खा जाएगा

X जब तक तू उसे रोक सकेगा ।
Y जब तक तू चुप बैठा रहेगा ।
Z जब तक तू कुछ नहीं करेगा ।

AY: गधा तब तक तेरे केले खाता रहेगा जब तक तू चुप बैठा रहेगा ।
(so long as)

BX: गधा तब तक तेरे सब केले खा जाएगा जब तक तू उसे रोक सकेगा ।
(by the time)

AZ: गधा तब तक तेरे केले खाता रहेगा जब तक तू कुछ नहीं करेगा
(unless you do something, so long as you don't do anything)

1 हिन्दुस्तान में गरमी में आम का मौसम होता है । बढ़िया आम जून के आख़िर तक मिलते रहते हैं । बरसात के दिनों में बस घटिया आम मिल सकते हैं और वे भी सितम्बर तक ख़त्म हो जाते हैं ।

(Match up clauses on the basis of the information given above.)

A जब तक पानी बरसता रहता है
B जब तक पानी नहीं बरसता
C जब तक बरसात शुरू होती है ।

X तब तक बढ़िया आमों का मौसम ख़त्म हो जाता है ।
Y तब तक घटिया क़िस्म के आम मिलते रहते हैं ।
Z तब तक बढ़िया आमों का मौसम रहता है ।

२ मान लीजिये कि आप हिन्दुस्तान के किसी छोटे गांव में हैं जहां बिजली का इंतज़ाम नहीं है और रात के आसमान में चांद निकलनेवाला नहीं है ।

A जब तक अंधेरा होगा X हमें गांव में कुछ नहीं दिखाई देगा।
B जब तक अंधेरा रहेगा Y हम पूरा गांव देख लेंगे ।
C जब तक अंधेरा हो नहीं जाएगा Z हमें तारे दिखाई नहीं देंगे ।

3 साहब बीमार पड़ गए। उन्हें अस्पताल में कई हफ़्ते रहना पड़ा । उनके मौजूद न होने पर सेक्रेटरी दफ़्तर चलाती रही । साहब तबीयत सुधरने पर दीवाली के बाद वापस लौटे ।

A जब तक उनकी तबीयत सुधर न गई
B जब तक उनकी तबीयत ख़राब रही ।
C जब तक उनकी तबीयत सुधरी

X तब तक सेक्रेटरी दफ़्तर चलाती रही ।
Y तब तक उन्होंने इलाज जारी रखा ।
Z तब तक दीवाली निकल गई थी ।

Drill 14B. Key.

1. AY (so long as, during the time that); BZ (until it rains, as long as it doesn't rain); CX (by the time)
2. AY (by the time); BX (so long as); CZ (until it gets dark, so long as it doesn't get dark)
3. AX (so long as he wasn't better, until he got better); AY (same as for AX); BX and BY (as long as); CZ (by the time)

Exercise 14B. जब तक... and तब तक... .

Translate into Hindi.

1. As long as you work in earnest your salary will keep on increasing (बढ़ना).
2. Servants will work only so long as they are not sworn at.
3. Don't take this medicine unless the doctor tells you to.
4. Wait at the side of the road until I come back.
5. By the time my uncle (चाचा) arrived the young man had fled with my cousin (चचेरी बहन).
6. The mice continued to play so long as the cat wasn't around (वहां).
7. By the time the end of the story comes both of them will have fallen asleep.

Key.

1 जब तक आप मन लगाकर काम करते रहेंगे (तब तक) आपकी तनख़ाह बढ़ती रहेगी ।

२ नौकर तब तक काम करेंगे जब तक उन्हें गालियां दी नहीं जातीं ।

3 जब तक डाक्टर न कहें, यह दवा मत लेना ।

                                  न आ जाऊं
४ जब तक (कि) मैं वापस   तुम सड़क के किनारे पर ठहरना
                                  न लौट आऊं
(or इंतज़ार करना or रुकना) ।

५ सरदार का गांव जाने को जी करता है। उसका अपने खेतों में रहने को जी करता है।

६ हम यहां साइकिल छोड़ सकते हैं। हम बाग़ में घूमने जा सकते हैं।

७ क्या साइकिल यहां छोड़ी जा सकती है? क्या कहीं घूमने जाया जा सकता है?

८ स्त्री-पुरुष अपने कपड़े बदल सकते हैं। पर वे अपना स्वभाव नहीं बदल

सकते।

९ यूं इच्छाएं मारने से क्या मिलेगा ? यूं अपनी तबीयत ख़राब करने से क्या मिलेगा ?

१० इन्स्पेक्टर की यह चिट लो। कस्टम-वालों से पूछना कि क्या मामला है। तब आना।

११ दूसरों को ख़ुश किया जाए। (तभी) असली सुख का एहसास किया जाता है।

१२ अगर तू दिन भर इधर-उधर भागती रहेगी तो आख़िर तेरी क्या हालत होगी ?

Drill 18B. Key.

१ बहू बाज़ार में भीड़ देखकर गुस्सा होने लगी।

२ बूढ़े ने प्लेटफ़ार्म के किनारे जाके थूका और नाक साफ़ की।

३ हम सब देवताओं की पूजा करके थक गए हैं।

४ किसानों को शेर की आवाज़ सुनकर घर जाने की जल्दी हुई।

५ सरदार का गांव जाकर अपने खेतों में रहने को जी करता है।

६ हम यहां साइकिल छोड़कर बाग़ में घूमने जा सकते हैं।

७ क्या साइकिल यहां छोड़कर कहीं घूमने जाया जा सकता है ?

८ स्त्री-पुरुष अपने कपड़े बदलकर (भी) अपना स्वभाव नहीं बदल सकते।

९ यूं इच्छाएं मारकर अपनी तबीयत ख़राब करने से क्या मिलेगा ?

१० इन्स्पेक्टर की यह चिट लेकर कस्टम-वालों से पूछकर आना कि क्या मामला है।

११ दूसरों को ख़ुश करके ही असली सुख का एहसास किया जाता है।

१२ दिन भर इधर-उधर भाग-भाग कर आख़िर तेरी क्या हालत होगी ?

Exercise 18B. Conjunctives.

Translate into Hindi using conjunctives wherever possible.

1. Just seeing his face I begin to get angry.

2. Dividing his gold among his sons the old shopkeeper began to await his death with great sorrow.

3. At this age what will you get falling in love (फ़िदा होना) with such a young (जवान) and beautiful woman?

4. By constantly (लगातार) sucking his thumb like this the baby's teeth (दांत m 2) will be spoiled.

5. It's the desire of the king (राजा m 88) to marry his maid-servant and make her the queen.

6. The true meaning of the Ramayana cannot be understood by reading it just once.

Key.

उसका मुंह मुझे गुस्सा आने लगता है ।
१ देखकर ही
उसकी शकल मैं नाराज़ होने लगती हूं ।

२ अपना सोना अपने बेटों में बांटकर बूढ़ा दुकानदार बड़े अफ़सोस के साथ
का इन्तज़ार
(अपनी) मौत करने लगा ।
की प्रतीक्षा

3 इस उमर में इतनी (or ऐसी) जवान और सुन्दर औरत पर फ़िदा
तुम्हें क्या मिलेगा ?
होकर
तुम क्या पाओगे ?

४ लगातार इस तरह अंगूठा चूस-चूसकर मुन्ने के दांत खराब हो जाएंगे ।

५ राजा की यह इच्छा है कि नौकरानी से शादी करके उसे रानी बनाएं ।
राजा की नौकरानी से शादी करके उसे रानी बनाने की इच्छा है ।

६ रामायण का असली मतलब एक ही बार पढ़कर नहीं समझा जा सकता ।

Chapter Nineteen

19A. Attaching verb to verb: V-कर and V-ते V-ते.

In certain cases V-कर must be considered a complementizer rather than simply a means of conjoining clauses:

आपसे मिलकर मुझे बड़ी खुशी हुई ।
'I was very happy to have met you.'

विदेशियों की नक़ल करके तुमको क्या मिलेगा ?
'What will you get out of imitating foreigners?'

यह आम चखकर देखो ।   'Try (tasting) this mango.'

मैं दो फ़रलांग तैरके दिखा दूंगा ।
'I'll show (you) I can swim a quarter mile.'

Some of these are nearly equivalent to constructions in जब तक:

मैं यह किताब पूरी करके ही आराम करूंगा ।
'I won't rest until I've finished this book.'

जब तक मैं यह किताब पूरी न कर लूं तब तक आराम नहीं करूंगा ।

When the final verb expresses a culmination V-कर as a complementizer to some degree competes with V-ते V-ते:

मार मारकर
बढ़ई दिन भर हथौड़ी ऊब गया ।
मारते-मारते

'The carpenter got tired of hammering away all day.'

However, when the final verb expresses what is in effect a reversal, only V-ते V-ते acts as a complementizer:

मरीज़ मरते-मरते बच गया ।   'The patient almost died.'

राज़ खुलते-खुलते रह गया ।   'The secret almost got out.'

मोटर दुर्घटना में उसका सिर फटते-फटते बच गया ।
'He almost broke his head in a car accident.'

Drill 19A. Attaching verb to verb: V-कर and V-ते V-ते .

Vocab. व्यक्ति m 44 -- individual   अख़बार m 23 -- newspaper
V-कर छोड़ना -- to be bound to V
X का पीछा करना -- to pursue X, chase X
हैरान होना -- to be appalled; to be astonished

Answer the following questions. The choice between yes and no will usually be determined by using the expression in parentheses. Answer a question in the second person with the first person and vice versa. (Do not forget section 18A.) Example:

क्या तुम लोग फ़िलाडेल्फ़िया गये ? (रह जाना)
नहीं, हम फ़िलाडेल्फ़िया जाते जाते रह गये ।

१ क्या मैं इससे शादी करूं ? (देखना)
२ क्या तुम्हारा भाई रेल-दुर्घटना में मर गया ? (बच जाना)
३ क्या चीन की ताक़त बढ़ रही है ? (नज़र आना)
४ क्या आप अख़बार पढ़ना चाहते हैं ? (थक जाना)
५ क्या कस्टमवाले हमें परेशान करेंगे ? (छोड़ना)
६ क्या यह व्यक्ति सचमुच शेर का पीछा करेगा ? (डरना)
७ क्या इस मामले को लेकर प्रेज़िडेण्ट को ख़त भेजा जाए ? (क्या मिलना)
८ क्या तुमको बुख़ार आ रहा है ? (महसूस करना)
९ बोलो, क्या तुम फिर एक बार "चोरी चोरी" देखोगी ? (ऊब जाना)
१० क्या मैं तेरे पकौड़े चखूं ? (देखना)
११ क्या एडिटर ने मेरी कविता पढ़ी ? (हैरान हो जाना)
१२ रानी साहब, क्या इस देश के दुश्मनों को भगाया जा सकेगा ? (आराम करना)

Drill 19A. Key.

१ हां, शादी कर के देखो ।

२ नहीं, वह मरते मरते बच गया ।

3 हां, चीन की ताक़त बढ़ती नज़र आ रही है ।

४ नहीं, मैं अख़बार पढ़ते पढ़ते थक गया हूं ।

५ हां, कस्टमवाले आप को परेशान करके ही छोड़ेंगे ।

६ नहीं, यह व्यक्ति शेर का पीछा करते डर जाएगा ।
हां, यह व्यक्ति शेर का पीछा करते नहीं डरेगा ।

७ नहीं, प्रेज़िडेंट को ख़त भेजकर क्या मिलेगा ?

८ हां, मैं बुख़ार आता महसूस कर रहा हूं ।
नहीं, मैं बुख़ार आता महसूस नहीं कर रहा ।

९ नहीं, मैं "चोरी चोरी" देखते देखते ऊब गई हूं ।
देख देखकर

१० हां, चखकर देख ।

११ हां, वह तुम्हारी कविता पढ़कर हैरान हो गया ।

१२ हां, मैं इस देश के दुश्मनों को भगाकर ही आराम करूंगी ।

Exercise 19A. Attaching verb to verb: V-कर and V-ते V-ते.

Translate into Hindi.

1. We were very happy to get your picture.

2. My wife's sister is bound to guess our secret.

3. The headmaster's hair came close to turning gray (सफ़ेद) because of this affair.

4. The baby must want to burp; see if you can burp her.

5. The fool will end up (छोड़ना) making the whole town laugh with his crudeness (तू-तड़ाकपन).

6. I'm tired of thinking up ways (तरकीब) to reconcile (तैयार कराना) her to marriage.

7. What will you get out of splitting (खिसकना) this party?

8. We're fed up (तंग आ जाना) with seeing these lousy (रद्दी) films.

9. Show you can love; only then will I respect you.

Exercise 19A. Key.

१ आप की तसवीर पाकर (or मिलकर) हमें बड़ी खुशी हुई ।

२ मेरी साली हमारा राज़ भांपकर ही रहेगी ।

सफ़ेद होते-होते
३ इस मामले की वजह से हेड के बाल रह गए ।
पकते-पकते

४ मुन्नी (or बच्ची) को डकार आ रहा होगा; उसे डकार दिलाकर देखो ।

५ अपने तू-तड़ाकपन से बेवकूफ़ सारे गांव को हंसाकर छोड़ेगा (or रहेगा) ।

तैयार सोचते-सोचते ऊब
६ उसे शादी के लिये कराने की तरकीबें मैं
राज़ी सोच सोचकर थक
गया हूं ।

७ इस पार्टी से खिसककर तुम्हें क्या मिलेगा ?

देखते-देखते
८ ये रद्दी फ़िल्में हम तंग आ गये हैं ।
देख-देखकर

९ प्यार करके दिखाओ: तभी मैं तुम्हें मानूंगी ।

19B. Discriminating the passive and the antitransitive.

When looking up an antitransitive like धुलना or कुटना in a Hindi-Hindi dictionary, one often finds a passive like धोया जाना, कूटा जाना given as definition. It is true that the one can sometimes be substituted for the other:

> इतने से पानी में ये सारे कपड़े नहीं धोए जा सकेंगे ।
> इतने से पानी में ये सारे कपड़े नहीं धुल सकेंगे ।
>
> 'This is not enough water to wash all these clothes.'

However, there are distinct differences. These can be summed up by saying that the subject of a passive is still felt to be the patient of an action while the subject of an antitransitive seems more like an agent.

The clearest reflection of this is the possibility of retaining को with the subjects of passives (see 14A):

> इस ख़त को पुलिस इन्स्पेकटर के पास फ़ौरन पहुंचा दिया जाए ।
> यह ख़त पुलिस इन्स्पेकटर के पास फ़ौरन पहुंचा दिया जाए ।
>
> 'Make sure this letter gets to the chief of police right away.'

The retention of को is impossible for the subjects of antitransitives:

> यह ख़त पुलिस इन्स्पेक्टर के पास फ़ौरन पहुंच जाए ।

The subject of an antitransitive is felt to be more responsible for the action than is the subject of a passive: The former can appear with अपने आप; the latter cannot:

> प्यालियां अपने आप टूट जाती हैं, मेमसाहब ।
>
> 'The cups break all by themselves, Ma'am.'

This can be uttered by the very party guilty of breaking the cups. By contrast, the passive leaves the responsibility for the action with the 'real' performer (even though he is usually not mentioned) Thus, adverbs like जान-बूझकर, which refer back to an implied agent, may occur with a passive but not with an antitransitive:

मैं कहती हूं कि प्यालियां जान-बूझकर तोड़ी जाती हैं ।
'I say the cups are being broken on purpose.'

Similarly, those conjunctives which are used as a kind of adverb of manner (see 18B) can be used only with passives:

हथौड़ी मारकर सारी बोतलें फोड़ी गईं ।
'All the bottles were broken with a hammer.'

To add हथौड़ी मारकर to the antitransitive सारी बोतलें फूट गईं would have the effect of endowing bottles with arms and suicidal intentions.

However, अपना usually refers back to an implied agent regardless of whether the verb is a passive or an antitransitive:

अपना पेट भरने के लिये ही बच्चे बेचे नहीं जाते ।
नहीं बिकते ।
'You don't sell your children just to fill your stomach.'

Since the subject of an antitransitive is felt in some sense to be the agent of its action, the verb पाना 'to manage, be able to' may occur with it:

दिसम्बर की धीमी धूप से आदमी के हाथ सिंक नहीं पाते ।
'The December sun is too weak to warm a man's hands.'

With the passive the occurrence of पाना is impossible; only सकना may occur:

अंगीठी के पास बैठकर पैर नहीं सेंके जा सकते हैं ।
'You can't warm your feet sitting near the hibachi.'

An antitransitive may occur as a conjunctive; a passive may not:

उसके दांत ख़ूब मंजकर चमकने लगे ।
'Her teeth, having been well scoured, began to shine.'

(In India teeth are often scoured with a black powder applied with the forefinger rather than with a brush.)

Some speakers feel that there is a subtle difference in meaning between the passive and the antitransitive of incapacity: The first may express unwillingness while the second expresses physical inability:

दीदी को पौधे इतने पसन्द हैं कि उससे उखाड़े नहीं जाते ।
'Didi can't bear to pull up the plants. (She likes them so much.)'

दीदी इतनी कमज़ोर है कि उससे पौधे नहीं उखड़ते ।
'Didi can't pull up the plants. (She is so weak.)'

This difference must, of course, disappear where the choice of using the antitransitive does not exist:

मुझसे गाय का दूध पिया नहीं जाता ।
'I can't stand cow's milk. (Either I don't like it or I get sick from it.)'

Bear in mind that while only some transitive verbs have corresponding antitransitives, all transitives and all intransitives (with the exception of the antitransitives themselves) are potentially passivizable. When a verb is passivized its grammar is changed but its meaning is not. Thus लादा जाना has no meanings other than those of लादना. The antitransitive लदना, however, shows more autonomy. It can be used as an alternate to लादा जाना in the meaning 'to be loaded' but it also can be used in contexts impossible for लादा जाना:

पेड पके हुए आमों से लदे थे ।
'The trees were laden with ripe mangos.'

Here लदना cannot be directly derived from लादना, since there is no लादनेवाला. Other autonomous meanings of लदना include 'to die' and 'to go to jail'.

With a bit of effort one may imagine how a derivative of 'to load' developed these divergent secondary meanings. What is important to realize is that in these autonomous meanings erstwhile antitransitives lose the special properties that distinguish them from ordinary intransitives: अपना refers only to the subject, not to an implied agent:

> अपना पेट भरने के लिये ही असली देशभक्त दुश्मन के हाथों में नहीं बिकते । 'True patriots do not sell out to the enemy simply to fill their stomachs.' (Compare with page 178.)

Conjunctives of manner may occur:

> तुम जान-बूझकर कट गये । 'You avoided (us) on purpose.'

Sometimes secondary meanings come close to crowding out the original meaning of an antitransitive. Thus सिमटना, the antitransitive of समेटना, only rarely occurs as a synonym of समेटा जाना:

> महरी से ये सारी बालटियां एक ही बार में नहीं सिमटेंगी। / समेटी जाएंगी ।
>
> 'The kitchen maid won't be able to collect all these buckets in one trip.'

Usually it means 'to shrink (in fear)':

> अंधेरे में चूहे की लाल आंखें देखकर वह कुर्सी में सिमट गया ।
>
> 'Seeing the rat's red eyes in the dark, he shrank into his chair.'

For more on the differences between passive and antitransitive see सहाय 1976.

Drill 19B. Discriminating the passive and the antitransitive.

Vocab. गन्दा 44 -- dirty दहेज m 10 -- dowry
प्रेम m 43 -- love X के मन का -- to X's liking

Fill in the blanks using the passive or the antitransitive form of the item in parentheses. Sometimes either may be equally appropriate.

१ ऐसे कबाब अपने आप ____। (बेचना, future)

२ अम्मां से अपने बच्चों को नहीं ____ । (पीटना, past habitual)

3 यह पानी इतना गन्दा है कि कुत्ते से भी नहीं ____ । (पीना, future)

४ देखो। तुम्हारे प्रेम-पत्र अख़बार में नहीं ____ पाएंगे। (छापना)

५ पत्थर मारकर आम ____। (गिराना, present habitual)

६ महाराजा का सिर तलवार से ____ ज़मीन पर गिर गया। (काटना, conjunctive)

७ क्या कहूं, साहब? हम से चाहकर भी कल तक आपकी मोटर ठीक नहीं ____ सकेगी। (करना)

८ राजा के पास इतना सोना था कि उसकी सेना से भी न ____ सकता था। (तोलना)

९ यह रस्सी बहुत कमज़ोर है। इससे कुएं से शायद ही पानी ____ । (खींचना, subjunctive)

१० मैं नहीं सोचती कि सिर्फ़ दो हज़ार का दहेज देकर अपने मन की चीज़ ____ सकेगी। (प्राप्त करना)

Key.
१ बिक जाएंगे २ पीटा जाता था 3 पिया जाएगा ४ छप
५ गिराए जाते हैं ६ कटकर ७ हो or की जा ८ तुल or तोला जा ९ खिंचे or खींचा जाए १० प्राप्त की जा or प्राप्त हो

Exercise 19B. Discriminating the passive and the antitransitive.

Translate into Hindi. Use the passive or the antitransitive wherever possible.

1. Sister-in-law's eyes have become very weak. She cannot see clearly (साफ़) and for this reason she's no longer able to knit.
2. God knows how a carpenter can't manage (पाना) even to draw a straight (सीधा 19) line (लकीर f 2)!
3. Because of the thorns nobody can pick (तोड़ना) these flowers. No, because of their beauty nobody can pick them.
4. Who has the time nowadays for a wedding to be celebrated for up to three (तीन-तीन) days?
5. Can't you keep quiet? Keep quiet a little, won't you (तो सही)!
6. He's a thief through and through (पक्का). One can't believe the things he says (बात).
7. Even having looked through our telescopes we cannot imagine (कल्पना) the beauty of other worlds.
8. Money doesn't embezzle (हज़म) itself, Inspector.

Exercise 19B. Key.

१ भाभी की आंखें बहुत कमज़ोर हो गईं हैं। उसे साफ़ नहीं

दिखाई देता बुना जाता ।
और इसलिये उससे अब नहीं
दिखता बुनता ।

राम
२ जाने बढ़ई से कैसे सीधी लकीर भी नहीं खिंच पाती ।
भगवान

तोड़े जा (सक)-ते ।
३ कांटों की वजह से किसी से (भी) ये फूल नहीं नहीं,
टूट (सक) -ते ।

उनके सौन्दर्य की वजह से किसी से (भी) ये फूल तोड़े नहीं जा (सक)-ते।

किसके पास इतना वक़्त
४ आजकल है कि शादी तीन-तीन दिन
किसको इतनी फ़ुर्सत

मनाई जाए ?
तक मने ?
मनती रहे ?

५ क्या तुमसे चुप नहीं रहा जाता ? ज़रा चुप रहो तो सही!

का
६ वह पक्का चोर है। (किसी से भी) उसकी बात विश्वास
पर

किया जा सकता ।
नहीं
हो सकता ।

के सौन्दर्य की
७ अपनी दूरबीनों से देखकर भी (हमसे) दूसरी दुनियाओं
का सौन्दर्य

की जा
कल्पना नहीं (सक)-ती ।
हो
कल्पना नहीं (सक)-ता ।
किया जा

हज़म
८ इन्स्पेक्टर साहब, पैसे अपने आप नहीं होते ।
चोरी



Chapter Twenty

Review drill 20A. Focus: 14B, 15A, 15B, 17B, 18A, 19A.

Vocab. ऊंचा 59 -- high-class इतना सा -- small, trifling
ऐसी की तैसी! -- stuff and nonsense!

Supply postpositions, complementizers or verb forms.

१ टिकिट ____ बिना अन्दर जा ____ मना है ।
२ जब तक दही पूरी तरह जम ____ तब तक ठण्डी जगह पर न रखें ।
3 कैसे आदमी हो तुम! हाथ भर ____ मूंगफली भी देने ____ तैयार नहीं हो ?
४ खाना खाते ____ गुरुजी भक्तों ____ बोलना बरदाश्त नहीं करते ।
५ अचानक जी ____ चाहा कि नौकरी ____ त्याग कर दूं ।
६ जब तक छाते ____ तलाश हो ____ तब तक बरसात ख़तम हो ____ होगी ।
७ किताब के आख़िर तक पहुंच ____ मैं दिलचस्पी कम हो ____ महसूस करने लगा था ।
८ हाय, तूने मेरे दिल के बिस्कुट ____ आंसुओं की चाय में डुबा ____ छोड़ा।
९ साहब ____ मौजूद रह ____ दफ़्तर का काम ठीक से चलता था मगर उन ____ निकल ____ सब कुछ बन्द हो जाता था ।
१० असली सुख ____ एहसास तभी होता है जब औरों ____ मदद की जाती है ।
११ ऊंचे लोगों ____ इतनी सी बातों पर गुस्सा दिखा ____ उचित नहीं है ।
१२ ऐसी की तैसी, यार! तुम्हारी यह बकवास सुन ____ ऊब गया हूं !

Review drill 20A. Key.

१ Ø or के (or लिये); जाना २ जम न जाए (or जमे न) 3 Ø; को (or के लिये) ४ हुए, वक़्त or समय; का (or से or के साथ) ५ Ø or ने; Ø or का ६ की; Ø or -गी; गई or चुकी ७ पहुंचते-पहुंचते (or पहुंचकर or पहुंचने पर); होती ८ को; डुबाकर ९ के; रहते (हुए) (or रहने तक, रहने पर or रहने से); के; निकलते ही (or निकलने पर) १० का; की ११ को or के लिये or का; दिखाना १२ सुनते-सुनते or सुन-सुनकर (or सुनते हुए)

202

Review drill 20B. Focus: 15A, 15B.

Combine the following clause pairs. Examples:

नौकरानी वक़्त पर आए मैं यही चाहता हूं ।
मैं नौकरानी का वक़्त पर आना चाहता हूं ।

जैसे ही जलेबियां सामने आईं बच्चे आपस में लड़ पड़े ।
जलेबियां
जलेबियों के सामने आते ही बच्चे आपस में लड़ पड़े ।

1 ड्राइवर गाड़ी लाएगा । इस का इंतज़ार किया जा रहा है ।

२ क्या तुम्हें पता है ? कल मुन्नी को चोट लगी ।

३ ज्यों ही अंधेरा हुआ त्यों ही उनकी वहां ठहरने की हिम्मत कम हो गई ।

४ मेरा दोस्त इस कमरे में रहेगा । मैं इस का इंतज़ाम करूंगा ।

५ आपका बेटा वापस नहीं लौटेगा । आप उसकी प्रतीक्षा न करें ।

६ संभव है कि तुम्हारी आंख कल तक ठीक हो जाए ।

७ हम आज पिक्चर जाएंगे, यह पक्का है, न ?

८ कुत्तियां रात में रोती हैं । यह हमारी महरी को अच्छा नहीं लगता ।

९ जब तक सूरज डूबा तब तक आसमान में आंधी के बादल छा गए थे ।

1० यह असंभव नहीं है कि छात्र आज ही परीक्षा देने को तैयार हों ।

11 (यहां उस क़िस्म का माल नहीं हैं ।) अच्छा यही है कि तुम अपनी इच्छाएं मारो ।

1२ तुम पर संकट की घड़ी आएगी यही डर है ।

1३ यह मुश्किल है कि चीन की ताक़त कम हो ।

1४ नौकर नई सीट लाएगा । तब तक साइकिल यहां छोड़ दो ।

1५ मुझे यह बुरा लगा कि मैं बुलाई नहीं गई थी ।

Review drill 20B. Key.

१ ड्राइवर के गाड़ी लाने का इंतज़ार किया जा रहा है ।

२ क्या तुम्हें कल मुन्नी को चोट लगने का पता है ?

अंधेरा
3 होते ही उनकी वहां ठहरने की हिम्मत कम हो गई ।
अंधेरे के

के
४ मैं अपने दोस्त इस कमरे में रहने का इंतज़ाम करूंगा ।
का

५ अपने बेटे के वापस लौटने की प्रतीक्षा न करें ।

६ कल तक तुम्हारी आंख का ठीक हो जाना सम्भव है ।

७ हमारा आज पिक्चर जाना पक्का है, न ?

८ कुत्तियों का रात में रोना हमारी महरी को अच्छा नहीं लगता ।

९ सूरज के डूबते डूबते आसमान में आंधी के बादल छा गये थे ।

१० छात्रों का आज ही परीक्षा देने को तैयार होना असंभव नहीं है ।

११ यहां उस क़िस्म का माल नहीं है । तुम्हारा अपनी इच्छाएं मारना ही अच्छा है ।

१२ तुम पर संकट की घड़ी आने का ही डर है ।

ताक़त कम होनी
13 चीन की मुश्किल है ।
ताक़त का कम होना

१४ नौकर के नई सीट लाने तक साइकिल यहां छोड़ दो ।

१५ मुझे अपना न बुलाया जाना बुरा लगा ।

Review drill 20C. Focus: 18B, 19A.

Vocab. रूप m 58 -- form पता करना -- to find out
V -कर छूटना -- to get by (or away) with (just) V-ing

The questions or statements below all have forms in V-कर. In responding to them reverse the order of actions wherever possible. You may have to substitute a synonymous verb. For example:

क्या तुमको मेरी चिट यहां आकर मिली ?
नहीं, तुम्हारी चिट पाकर मैं यहां आया ।

Where V-कर functions as a complementizer (rather than as a conjunctive) it will be impossible to make such reversals.

१ क्या विष्णु ने धरती पर आकर श्रीकृष्ण का रूप लिया ?

२ अपना बाप का कर्तव्य ज़रा पूरा करके दिखाओगे अब ?

३ तुम टांग में तकलीफ़ महसूस करके डाक्टर के पास जाने लगीं ?

४ देखिये, वह नौकरी बाबूजी को फ़ोन करके ही आपको प्राप्त हो सकेगी ।

५ मेरा मज़ाक़ यूं उड़ा-उड़ाकर तुझे क्या मिलता है ?

६ तुम्हारा गुरु बनने का इरादा हिन्दुस्तान जाके हो गया था ।

७ दादाजी, आप क्या ब्राह्मणों को एक ही गाय दान देकर छूटना चाहते हैं ?

८ आपको वहां जाकरके पता चलेगा कि क्या मामला है ।

९ जनाब, आपकी बेटी ने इतना अच्छा गाकर कमाल कर दिया ।

१० यह मेरे दिल की एक-एक बात भांपकर ही रहेगी ।

Review drill 20C. Key.

१ नहीं, विष्णु श्रीकृष्ण का रूप लेकर धरती पर आए ।

२ cannot be reversed

३ नहीं, मैं डाक्टर के पास जाकर टांग में तकलीफ़ महसूस करने लगी ।

४ नहीं, वह नौकरी प्राप्त करके ही (मैं) बाबूजी को फ़ोन कर सकूंगा ।

५ cannot be reversed

६ नहीं, गुरु बनने का इरादा करके मैं हिन्दुस्तान गया था ।

७ cannot be reversed

८ नहीं, मैं पता करके वहां जाऊंगा कि क्या मामला है ।

९ cannot be reversed

१० cannot be reversed

Review drill 20D. Focus: 18B.

Convert the following conjunctives into independent clauses.

Examples: बच्चा डकार मारकर हंस दिया ।
बच्चे ने डकार मारा और फिर हंस दिया ।

पुजारी होकर भी उसका सर्वशक्तिमान पर विश्वास नहीं है ।
वह पुजारी है लेकिन फिर भी उसका सर्वशक्तिमान पर विश्वास नहीं है ।

1 स्त्री ने गाड़ी से उतरकर सफ़ेद कोट पहना ।

२ बारह बजने पर ठाकुर एक लम्बी सांस भरकर मर गया ।

3 सुनीति का स्वभाव पहचानकर भी उससे शादी करोगे ?

४ बाल्टियां धोकर ऊपर रख दी गई थीं ।

५ ज़रा सा आराम करके तुम्हारी तबीयत ठीक हो जाएगी ।

६ कनाट प्लेस इतवार को जाकर तुम्हें वहां की असली भीड़ अनुभव नहीं होगी ।

७ भैया सब कुछ देकर भी इतना दहेज नहीं दे सकेंगे ।

८ मन से पुराने विचार निकालकर नए बिठा लो ।

९ मेरा यहां से खिसककर फ़िल्म देखने को मन कर रहा है ।

10 शीशे में अपनी शकल नहीं बल्कि किसी और की शकल देखकर किसको ताज्जुब नहीं होगा ?

11 (ऐसे मौसम में अन्दर रहो ।) नहीं तो तुम्हें धूप लगकर बुख़ार आने का डर होगा ।

12 नाचनेवाली की तरह आंखें नचा-नचाकर तुम कोई बड़ी आर्टिस्ट नहीं बनोगी !

13 सिर से ज़िन्दगी की परेशानियां हटाकर हिमालय पर ध्यान लगाने चला जाना चाहता हूं ।

Review drill 20D. Key.

1 स्त्री गाड़ी से उतरी और (फिर) उसने सफ़ेद कोट पहना ।

२ बारह बजने पर ठाकुर ने एक लम्बी सांस भरी और फिर मर गया ।

3 सुनीति का स्वभाव पहचानते हो और (क्या) फिर भी उस से शादी करोगे ?

४ बाल्टियां धुली
धोई गई (थीं) और फिर ऊपर रख दी गई थीं ।

५ ज़रा सा आराम करो
कर लो तो तुम्हारी तबीयत ठीक हो जाएगी ।

६ (अगर) कनाट प्लेस इतवार को जाओ
जाओगे तो वहां की असली भीड़ अनुभव नहीं होगी ।

७ भैया सब कुछ (दे भी) दें तो फिर इतना दहेज नहीं दे सकेंगे ।

८ मन से पुराने विचार निकालो
निकाल दो और (फिर) नए बिठा लो ।

९ मेरा यहां से खिसकने को और फिर फ़िल्म देखने को मन कर रहा है ।

10 जब
अगर शीशे में अपनी शकल नहीं बल्कि किसी और की
देखेगा
शकल देखोगे तो किसको ताज्जुब नहीं होगा ?
दिखाई दे

11 (ऐसे मौसम में अन्दर रहो ।) नहीं तो तुम्हें धूप लगेगी
लग जाएगी और फिर बुख़ार आने का डर होगा ।

12 नाचनेवाली की तरह आंखें नचाती रहो, लेकिन फिर भी कोई बड़ी आर्टिस्ट नहीं बनोगी ।

13 सिर से ज़िन्दगी की परेशानियां हटाना चाहता हूं और हिमालय पर ध्यान लगाने चला जाना चाहता हूं ।

Review drill 20E. Focus: 11A, 14A, 16, 17A, 19B.

Drop the agent and, if the verb is a derived transitive (11A), replace it with the basic transitive or intransitive from which it is derived. If the verb is a basic transitive, replace it with an antitransitive (16). If this is not possible use the passive (14A). Keep tense the same. If the given sentence has a compound verb, your response should, too. Examples:

कप्तान ने अपनी नाव को डुबा दिया ।	नाव डूब गई ।
क्या बढ़ियों ने मकान पूरा किया ?	क्या मकान पूरा हुआ ?
मुझसे ये ख़त फाड़े नहीं जाएंगे ।	मुझसे ये ख़त नहीं फटेंगे ।
क्या हम यह मिठाई खाएं ?	क्या यह मिठाई खाई जाए ?

1 बाप ने बेटों में सोना बांट दिया ।

२ यह पुजारी देवताओं को भी भगा देगा ।

3 पिछले साल हमने हरी किताब प्रयुक्त की ।

४ अब मुझसे छात्रों को और कुछ समझाया नहीं जाएगा ।

५ आया ने मुन्नी को बोतल पकड़ा दी ।

६ कुत्ती ने गाड़ी की अवाज़ नहीं सुनी ।

७ छी-छी! वे सिनेमे पर अपनी आधी तनख़ाह ख़र्च कर देते हैं ।

८ ड्राइवर सड़क के किनारे मुन्ने को मुता रहा है ।

९ चोरों से अपनी पुरानी आदतें आसानी से छोड़ी नहीं जातीं ।

10 क्या मज़दूरों ने नीले रंग का इस्तेमाल नहीं किया ।

11 ग़ालिब ने पैसे की दिक़्क़त हर वक़्त महसूस करते थे ।

1२ तुम बहू को मायके की याद कराकर नहीं रुलाओगी ।

13 तुम हमें यह क्या रद्दी-चाय पिला रहे हो ?

Review drill 20E. Key.

1 बेटों में सोना बंट गया ।

२ (इस पुजारी से) देवता भी भाग जाएंगे (or भग जाएंगे) ।

3 पिछले साल हरी किताब प्रयुक्त हुई ।

४ छात्र अब मुझसे और कुछ नहीं समझेंगे ।

५ मुन्नी ने बोतल पकड़ ली ।

६ (कुत्ती को) गाड़ी की आवाज़ सुनाई नहीं दी ।

७ छी-छी: सिनेमे पर उनकी आधी तनख़ाह ख़र्च हो जाती है ।

८ सड़क के कितारे मुन्ना मूत रहा है ।

९ चोरों से अपनी पुरानी आदतें आसानी से नहीं छूटतीं ।

10 क्या नीले रंग का इस्तेमाल नहीं हुआ ?

11 (ग़ालिब को) पैसे की दिक़्क़त हर वक़्त महसूस होती थी ।

1२ बहू मायके की याद करके नहीं रोएगी ।

13 हम यह क्या रद्दी-चाय पी रहे हैं ?



AMBER PALACE

Chapter Twenty-one

21A. पर-expressions.

The equivalents usually given for पर are on and at:

मेज़ पर; छत पर; फ़र्श पर	on the table, roof, floor
स्टेशन पर; दुकान पर	at the station; at the shop

तुम्हारे दरवाज़े पर वह पुलिस का सिपाही क्यों खड़ा है ?
'Why is that policeman standing at your door?'

Oddly enough this equivalence continues on the abstract level. Thus the Hindi expressions for 'to depend on', 'to be on time', 'to laugh at', 'to glance at', etc., have पर:

मुझपर मत हंसिये।	'Don't laugh at me!'
यह तुमपर निर्भर करेगा।	'This will depend on you.'
उसने घड़ी पर नज़र डाली।	'He glanced at his watch.'
समय पर आना पड़ेगा।	'You'll have to come on time.'

Of course, this equivalence is only approximate and cannot be always relied upon. On the other hand, the appropriate use of पर is not simply a matter of learning lists and lists of things by heart, although that is certainly part of it.

I. A large set of expressions that govern पर is that of emotion: pleasure/anger; love; pride/shame; confidence/doubt; kindness/cruelty; surprise; glee/sadness; consternation:

मां और बाबूजी को तेरी इस ख़बर पर ख़ुशी नहीं होगी।
'Mom and Dad won't be happy about this news of yours.'

मैं तुमपर नाराज़ न होऊं ? 'I shouldn't be angry at you!?'

चीन का अपने देशभक्तों पर अभिमान करना तो ठीक है।
'It's alright for China to be proud of her patriots.'

पर हमें अपनों पर क्यों शरम आनी चाहिये ?

'But why should we be ashamed of ours?'

The पर in expressions of pleasure, anger and love sometimes competes with से (वह अपने आपसे नाराज़ है ।). Sometimes the more intense of such expressions get पर ; the less intense, से;

माली को आया से प्यार है । 'The mali's in love with the ayah.'

आया ड्राइवर पर फ़िदा है । 'The ayah's crazy about the driver.'

ड्राइवर महरी पर मरता है । 'The driver's dying for the maid.'

पत्नी को पहले ही पति से चिढ़ थी । पर अब तो सचमुच उसपर गुस्सा आने लगा है ।

'The wife was already annoyed with the husband. Now she's really mad at him.'

The पर in expressions of pride, shame, sorrow, confidence and doubt competes with का :

महाराजा शिवाजी का दुश्मन होकर भी औरंगज़ेब ने उनकी मौत पर/का अफ़सोस किया ।

'Even though he was an enemy of Emperor Shivaji, Aurangzeb felt sorrow over his death.'

तुम्हारी इस बात पर/का मुझे विश्वास नहीं होता ।

'I can't believe what you're telling me.'

गांव में बिजली पर/का भरोसा करना नामुमकिन है ।

'In the village it's not possible to rely on the electricity.'

Others permit only पर :

जनाब, बन्दे पर ज़ुल्म न कीजिये ।

'Sir, don't be cruel to me (your servant).'

मुझपर खुले दिल से मुसकराकर अपने प्रेमी को गुस्सा दिला दिया ।

'Smiling at me unreservedly she made her lover angry.'

कप्तान जवानों की हालत पर हैरान हो गया ।
'The captain was horrified at the condition of the troops.'

II. Another set of expressions that comes with पर is that which describes acts of speech or thought: to discuss, consider, ask about, be solicitous of, object to, etc.:

पुरुष को स्त्री की ज़रूरतों पर ज़्यादा सोचना चाहिये ।
'A man should give more thought to the needs of a woman.'

मुझे इस हुक्म पर एतराज़ है । 'I object to this order.'

III. A third set of पर-expressions is that which involves the spending of money, energy or effort:

यूं ही टैक्सी-तांगों पर ख़र्च करना उसे बरदाश्त नहीं होता ।
'He can't stand spending money on taxis and tongas for no reason.'

बहू की शिकायतों पर कहां तक सिर मारते रहें हम ?
'How long should we bother our heads over Daughter-in-law's complaints?'

इतना मन लगाकर किसपर काम कर रहे हो ? अपनी संस्कृत पर ।
'What are you working on so diligently?' 'My Sanskrit.'

IV. पर is also used as an idiomatic equivalent of के बाद 'after':

गरम पर ठण्डा पियोगी तो बीमार पड़ जाओगी ।
'If you take something cold right after something hot you'll get sick.'

इसपर शाह से रहा नहीं गया । नीचे बैठे और रो पड़े ।
'After this the Shah couldn't restrain himself. He sat down and wept.'

For पर as a complementizer see section 23A.

Drill 21A. पर-expressions.

Vocab. ज़बरदस्त 2 -- tough; accomplished
ठहरना -- to turn out to be

Fill in the blanks with the most appropriate postposition.

१ क्या तुमको परीक्षा के रिज़ल्ट ____ अफ़सोस है ?
२ नहीं, मैं तो उस ____ बल्कि ख़ुश हूं ।
3 आजकल हिन्दुस्तान में स्क्रीन ____ कुछ भी दिखा दिया जाता है ।
४ यह पुजारी बहुत कम मांग रहा है । मुझे इस____ शक हो रहा है ।
५ आख़िर सब कुछ ऊपरवाले ____ डिपेण्ड करता है ।
६ मुन्ने को इस मौसम में बाहर निकालकर उस ____ जुकाम करा दोगे ।
७ मुझे मित्र के कर्तव्य ____ दो-एक सवाल पूछने हैं ।
८ ठाकुर को अपने घोड़े ____ बहुत अभिमान है ।
९ लगता है बच्ची ____ अपने शीशे ____ प्यार हो गया है ।
10 वे दामाद की हर इच्छा ____ हमेशा ख़्याल रखते हैं ।
11 मुन्नी ____ आराम-कुर्सी ____ नहीं चढ़ा जाता है ।
१२ मैं उसके तू-तड़ाकपन ____ एतराज़ करता हूं ।
13 छात्र प्राध्यापक को दावत ____ बुलाने ____ सोच रहे हैं ।
१४ उसके मुंह ____ कहो कि तुम्हें मुझ ____ क्या मतलब है ?
१५ सम्भव है कि मेरे उस____ टकराते समय उस ____ लग गया हो ।
१६ उस ____ अपनी सहेली की गाली देने की आदत ____ ताज्जुब हुआ ।
१७ हम ____ अगले साल ____ अपना ही अख़बार छापने का ख़्याल है ।

१८ देखने में जो औरत ज़रा भी अच्छी नज़र आए, तो यह साहब फ़ौरन उसके सौन्दर्य ____ मरने लगते हैं ।

१९ दरवाज़ा खुलते ही मालिक ने पत्र और चिटें मेज़ ____ समेटकर जल्दी जल्दी जेब ____ डाल लीं ।

२० हिन्दुस्तान में खेत की एक एकड़ ____ कितने जने निर्भर करते हैं ? यही कोई आठ-दस आदमी ।

२१ घाशीराम कोतवाल ने पूने के ब्राह्मणों ____ ज़ुल्म किया तो बहुत लेकिन उस ____ ज़बरदस्त ठहरा नाना फड़नवीस ।

२२ दीदी, तुम्हारी सफ़ेद और नीली साड़ी की तलाश ____ मैं सारा कमला नगर ____ घूमी पर कहीं भी नहीं मिल रही ।

२३ रिक्शावाले-महाराज, आपने एक रुपये ____ स्टेशन ____ पहुंचा दिया, तो आप ____ मुझ ____ बड़ी मेहरबानी होगी ।

Drill 21A. Key.

१ का or पर   २ पर or से   3 पर   ४ पर or का   ५ पर

६ को   ७ पर or के बारे में   ८ पर or का   ९ को; से

10 का   11 से; पर   १२ पर or का   13 पर; की

१४ पर; से   १५ से; के or को   १६ को; पर   १७ हमारा;

से, में or तक   १८ पर   १९ से; में   २० पर   २१ पर; से

३२ में; ∅   २३ में; तक or ∅; की; पर

Exercise 21A. पर-expressions.

Translate into Hindi using पर-expressions where appropriate.

1. I don't feel like (मन करना) working on this anymore today.
2. Didn't the doctor (डाक्टर m 30) give any suggestion about the treatment (इलाज m 23)?
3. Do you trust the government (सरकार f 26)?
4. I don't plan to spend half my salary (तनख़ाह f 4) on your music.
5. Bhima was proud of his strength (ताक़त f 8).
6. Actually her health is good. That's why I am suspicious of her complaints of (having a) headache.
7. The old man was not ashamed of his old, dirty clothes.

Key.

१ आज इसपर मेरा और काम करने को (or का) मन नहीं कर रहा है ।
२ क्या इलाज /के बारे में// पर /डाक्टर ने कोई सुझाव नहीं दिया ?
३ क्या तुम्हें सरकार पर (or का) /भरोसा//विश्वास/ है ?
क्या तुम्हारा सरकार /में//पर/ भरोसा है ?
क्या तुम सरकार पर भरोसा रखते हो ?
४ तुम्हारे संगीत पर अपनी आधी तनख़ाह ख़र्च करने का मेरा /विचार// इरादा/ नहीं है ।
मेरा यह /इरादा//विचार/ नहीं है कि तुम्हारे संगीत पर अपनी आधी तनख़ाह ख़र्च करूं ।
५ भीम को अपनी ताक़त पर (or का) अभिमान था ।
६ वैसे तो उसकी तबीयत अच्छी है । इसलिये मुझे उसकी सिरदर्द (होने) की शिकायतों पर शक है ।
७ बूढ़े (आदमी) को अपने पुराने गन्दे कपड़ों /पर//की/ शरम नहीं (आती) थी ।

21B. Participles.

A participle is a form derived from a verb that is used as an adjective. In Hindi there are three participles. 1. The participle in -वाला (see 2B):

हम छह बजे चलनेवाली बस के इंतज़ार में हैं ।
'We're waiting for the bus that leaves at six.'

2. The present participle in -ता (हुआ) :

चलती (हुई) गाड़ी से मत उतरो । 'Don't get off a moving train.'

3. The past participle in -या (हुआ) :

देवताओं को चखे हुए फल चढ़ाए नहीं जाते ।
'You don't offer the gods fruit that's already been tasted.'

These participles provide alternatives to the use of relative clauses in certain tenses. 1. The -वाला participle usually substitutes for a relative clause in a habitual tense:

हम उस बस के इंतज़ार में हैं जो छह बजे चलती है ।

2. The present participle usually substitutes for a progressive tense:

गाड़ी से तब मत उतरो जब वह चल रही हो ।

3. The past participle usually replaces a clause in a perfect tense:

जो फल चखे गए हों वह देवताओं को नहीं चढ़ाए जाते ।

Of the three, the past participle is perhaps the most common and certainly the most complex. When made from an intransitive verb it modifies its subject:

जली हुई रोटियां अलग रखो ।
'Put the burnt rotis to one side.'

However, if made from a transitive verb, it modifies its object:

मेरे जलाए हुए प्रेमपत्र कैसे पढ़ोगे ?
'How will you read my loveletters if I've burnt them?'

This means that the present participles corresponding to past participles (like किया हुआ) are explicitly marked passives (like किया जाता हुआ) and that किया हुआ means the same as किया गया हुआ:

किये हुए कामों और किये जाते हुए कामों में बहुत फ़र्क़ है ।
'There is a lot of difference between something that is done and something that is getting done.'

When expressed, the agent of a transitive past participle gets का:

तुम्हारा सूट गांव के दर्ज़ी का सिया हुआ लगता है ।
'Your suit looks like it was sewn by a village tailor.'

Only with a few reflexive transitives like पीना and पहनना may a past participle modify its agent (notice that for some speakers only हुआ shows adjectival agreements):

वह नीली साड़ी बांधे हुई ख़ूबसूरत औरत मेरी घरवाली है ।
'That beautiful woman wearing the blue sari is my wife.'

उस पिये हुए आदमी को रोको । 'Stop that drunken man.'

There are also a few idioms (like English "a well-spoken, well-read man") in which the past participle of a transitive verb modifies its agent:

पढ़े - लिखे होकर भी तुम ऐसे चोरी करते हो ?
'Even though you're educated you steal like this?'

Past participles of verbs that, for the most part, describe changes in bodily position or condition, may have present stative meanings: बैठा 'sitting', लेटा 'lying', पड़ा 'lying around', सोया 'sleeping', सम्भाले 'balancing', लिये 'holding', पकड़े 'clutching', छिपा 'hiding', छिपाए 'concealing', etc.:

बिल्ली खिड़की में लेटी हुई थी ।
'The cat was lying in the window.'

तुम्हारा कबाड़ा यहां कब का पड़ा हुआ है ।
'Your junk's been lying around here for ages.'

If such past participles govern objects they do not usually agree with their subjects:

मेरी चचेरी बहन चाचाजी का हाथ पकड़े हुए थी ।
'My cousin was clutching my uncle's hand.'

These forms may function as complementizers in parallel to V-ता, V-ते and V-ते V-ते (see sections 18A and 19A):

मैं बैठे बैठे तंग आ गया हूं । 'I am tired of sitting around.'

नर्स ने मरीज़ को मेज़ के नीचे सोये हुए पाया ।
'The nurse found the patient sleeping under the table.'

Like forms in -ते (हुए) they may also serve as adverbs to the main verb:

हाथों में सारा सामान सम्भाले हुए वह दरवाज़ा खुलने की प्रतीक्षा में बाहर खड़ी हुई थी ।
'Balancing everything in her hands she was standing outside waiting for the door to open.'

Both the present and the past participles figure in को - expressions of elapsed time:

अब दिलीप को चीनी पढ़ते हुए बारह साल हो गए होंगे ।
'Dilip must have been studying Chinese for twelve years now.'

उसको तैरना सीखे हुए दो हफ़्ते भी नहीं हुए कि उसने गंगा नदी पार करके दिखा दी । (or दिया: see section 4A)
'It hadn't been two weeks since he learned to swim when he showed he could swim across the River Ganges.'

Drill 21B. Participles.

Vocab. बजना 15 -- to ring
पकना 5 -- to ripen
बहना 28 -- to flow, run
ज़बान f 23 -- language

In the short conversations which follow, use a participial form of the first sentence to fill in the blank in the second. Examples:

A. टेलीफ़ोन बज रहा है ।
जल्दी उठाओ! साहब ___ की आवाज़ बरदाश्त नहीं करते ।

B. बेटी ने पत्थर निगल लिया है ।
फिर से! ___ अब कौन निकालेगा ?

Key: A. बजते टेलीफ़ोन की B. निगला हुआ पत्थर

१ दूध जम गया ।
दही कहो, भई । ___ को दही कहते हैं ।

२ (आसमान पर) बादल छा गये हैं ।
तब दूरबीन क्यों खड़ी कर रहे हो ? ___ में से तारे दिखाई नहीं देते ।

३ मुन्ने की नाक बह रही है ।
लो, यह कपड़ा लेकर साफ़ करो । मुझे बच्चों की ___ अच्छी नहीं लगती ।

४ आम पक गये हैं ।
ज़रा चखकर देखूं ? ___ हाज़मे के लिये अच्छे होते हैं ।

५ अंगरेज़ों ने भारत बांट दिया ।
और उस ___ के सामने आज भी कई दिक़्क़तें मौजूद हैं ।

६ रूप जा रहा है ।
तो क्या करूं ? ___ का कोई इलाज है, तुम्हारे पास ?

७ तुम्हारी भाभी अच्छी कहानी सुना रही हैं ।
हां, वे बहुत अच्छी ___ हैं ।

८ यह कल्पना फ्राइड ने की थी ।
हां, लेकिन रामायण समझाते समय ____ प्रयुक्त करनी मुझे उचित नहीं लगतीं ।

९ शाह ने देश संभाल तो लिया था ।
शाह को ____ पच्चीस साल हो गये हैं और अब देश तंग आ गया है ।

१० वह मर रहा है और फिर भी रोज़ ये स्तोत्र!
जाने दो । ____ को स्तोत्र पढ़ने से आराम मिलता है ।

११ बैठिये, जी । वह बस टीका लगा रही है ।
वह तो ____ नौ बजा देगी और शो है आठ बजे से शुरू !

१२ बच्चे रो ही रहे थे ।
जब मैं हैपेटाइटिस से बीमार थी कभी-कभी मुझे इतने ज़ोर के डकार आते थे कि ____ भी चुप हो जाते थे ।

Drill 21B. Key.

१ जमे हुए दूध को २ छाये हुए बादलों में से ३ बहती हुई नाक ४ पके आम ५ अंगरेज़ों के बांटे (or बंटे) हुए भारत के सामने ६ जाते (हुए) रूप का ७ अच्छी कहानी सुनानेवाली ८ फ्राइड की (or के द्वारा) की हुई कल्पनाएं ९ देश संभाले हुए (or संभालते हुए) १० मरते हुओं को (or मरतों को) ११ बस टीका लगाते-लगाते १२ रोते (-रोते) बच्चे

Exercise 21B. Participles.

Translate into Hindi using participles wherever appropriate.

I was standing in the park with (my) hands stuck (डालना) in (my) pockets. I (मुझे) had already been two (or) three hours wandering (through) the whole bazaar in search (तलाश में) of a book written by a professor of mine. How old and tired my professor looked (लगना) and still his books didn't sell!

I saw her (as she was) getting down from a moving bus. She was wearing a beautiful (ख़ूबसूरत) red dress. I watched (देखता रहना) her cross the street with (लिये हुए) a silk (रेशम) umbrella and a sweater knit from (का) wool in (her) hand. Going toward the river, she stopped by a bridge made of stone.

Suddenly someone screamed and she began to run toward a man drowning in the water. Catching his hand, she pulled (खींच लाना) him out of the water. Then she saw that he was holding on to a large floating piece (टुकड़ा) of wood. And then I saw that the man's smiling face was my old, tired professor's!

When I left, the two of them, sitting among the flowers, were talking and basking in the sun (धूप सेंकना).

Exercise 21B. Key.

जेबों में हाथ डाले मैं पार्क में खड़ा हुआ था । मुझे अपने एक प्रोफ़ेसर /दुवारा//की/ लिखी हुई किताब की तलाश में पूरा बाज़ार घूमते हुए दो-तीन घण्टे हो गए थे । मेरे प्रोफेसर कितने बूढ़े और थके हुए लगते थे और फिर भी उनकी किताबें नहीं बिकतीं !

मैंने उसे चलती हुई बस से उतरते हुए देखा । वह (एक) ख़ूबसूरत लाल फ़्राक पहने हुए थी । मैं उसको रेशम का छाता और ऊन का बुना हुआ स्वेटर हाथ में लिये हुए सड़क पार करते हुए देखता रहा । नदी की ओर /जाकर//जाते हुए/ वह पत्थर के बने हुए पुल के पास /रुकी//रुक गई/ ।

अचानक कोई चिल्ला पड़ा और वह पानी में डूबते हुए आदमी की तरफ़ /दौड़ने//भागने/ लगी । उसका हाथ पकड़कर वह उसे पानी से बाहर खींच लाई । तब उसने देखा कि वह /तैरती हुई लकड़ी के बड़े टुकड़े को//लकड़ी के तैरते हुए बड़े टुकड़े को/ पकड़े हुए है । और तब मैंने देखा कि उस आदमी का मुसकराता हुआ चेहरा मेरे बूढ़े थके प्रोफ़ेसर का है !

जब मैं चला गया वे दोनों फूलों के बीच बैठे हुए /बातें कर//बोल/ रहे थे और धूप सेंक रहे थे ।

22A. Causatives.

In Hindi certain changes are made in a verb to express actions that one has someone else perform (as opposed to those one carries out oneself):

> ऊनी कपड़े मुझे खुद धोने पड़ेंगे बाक़ी धोबी से धुला सकता हूं ।
> 'The woolens I'll have to wash myself; the rest I can have the dhobi wash.'

अपने इंजन स्टार्ट करो!	'Start your engines!'
अपने इंजन स्टार्ट करवाओ!	'Have your engines started.'

धुलाना (or धुलवाना) and स्टार्ट करवाना (or स्टार्ट कराना) are the causatives corresponding to धोना and स्टार्ट करना. Causative stems are derived by the same rules used to derive transitive stems from intransitives or reflexives (see 11A). If the transitive from which a causative is derived is itself derived from an intransitive then the causative ending is -वा:

सोना 'to go to sleep'	उठना 'to get up, rise'
किसी को सुलाना 'to put someone to bed'	कुछ उठाना 'to raise or lift something'
किसी से किसी को सुलवाना 'to have someone put someone to bed'	किसी से कुछ उठवाना 'to have someone lift something'

> माधुरी महिपत को बुलाकर उससे प्याली के टुकड़े उठवाती है ।
> 'Calling Mahipat, Madhuri has him pick up the pieces of the cup.'

If the transitive is underived ("basic") then there are two causatives, one in -आ and one in -वा. These are synonymous:

कोट सीना	बांस काटना
'to sew a coat'	'to cut bamboo'
दर्ज़ी से कोट सिलाना सिलवाना	जवानों से बांस कटाना कटवाना
'to have a tailor sew a coat'	'to have the troops cut bamboo'
आज सवेरे मैंने बाल कटाए थे । कटवाए थे ।	'This morning I got a haircut.'

However, this does not hold for transitive verbs termed "reflexive" (see 8). Such verbs yield a derived transitive in -आ (see 11A) and a causative in -वा:

चीनी सीखना	दवा पीना
'to learn Chinese'	'to take medicine'
Y को चीनी सिखाना	Y को दवा पिलाना
'to teach Y Chinese'	'to give Y medicine'
X से Y को चीनी सिखवाना	X से Y को दवा पिलवाना
'to have X teach Y Chinese'	'to have X give Y medicine'

अपने बच्चों को किसी अंगरेज़ से अंगरेज़ी सिखवाइये ।
'Have some Englishman teach your children English.'

Since को-expressions (4C) are intransitive they give a derived transitive in -आ (see 11A) and a causative in -वा:

मुझे भाई साहब याद आए । 'I remembered my brother.'

वह यह कहकर गया कि तुम्हें याद दिलाने मैं खुद आऊंगा ।
'When he left he told me he'd come himself to remind me.'

उससे मुझे याद दिलवाना । 'Have him remind me.'

(Remember that if दिलाना and दिलवाना are derived from देना they are synonymous:

आज गणेश चतुर्थी है। पुजारी को नारियल दिलाकर / दिलवाकर आना।

'Today's Ganesh-Chaturthi. Go and have a coconut given to the priest.')

If desired the person caused to perform an action may be mentioned. (However, in the contexts of everyday life this is often unnecessary.) Generally the postposition से is used:

कोतवाल ने (अपने सिपाहियों से) शहर के दरवाज़े बंद करा लिये।
'The Kotval had (his men) close the gates of the city.'

हमारा सामान (नौकर से) बंधवाकर तांगे में रखवा दो।
'Have (the servant) tie our luggage and put it in the tonga.'

although के द्वारा is not impossible in more formal style:

बाबा ने भक्तों के द्वारा उसे पास में बिठवा लिया।
'The Baba had his devotees seat her nearby.'

However, if someone is helped to do something, को is used:

मुझे अपने धोबी को एक पत्र लिखाना है।
'I have to help my dhobi write a letter.'

(Of course, this could also mean 'I have to get someone to write a letter to my dhobi'.) को is also used when person A has person B do something to or for person B (and not to or for person A):

कानवेण्ट स्कूल्ज़ सब छात्रों को यूनिफ़ार्म्ज़ पहनवाते हैं।
'Convent schools make all the students wear uniforms.'

डाक्टर ने मेरी मिर्च कम करवाई।
'The doctor made me cut down on chili.'

उसको रोज़ एक मील चलवाओ। 'Have him walk a mile a day.'

This kind of causative is always in -वा.

Very occasionally a causative is encountered which is derived from an antitransitive:

किशोरी आमोणकर की तारीफ़ करके हमारे संगीत के उस्ताद उसके बहुत से रेकार्ड्ज़ बिकवाते थे ।

'Praising Kishori Amonkar, our music teacher caused many of her records to be sold.'

क्या इन लोगों में लड़ाई करवाना चाहते हो ?

'Are you trying to start a fight between these people?'

Not every verb has a causative. Usually if an intransitive or a reflexive does not have a derived transitive (11A), there is no causative either: जाना, आना, रहना, पाना, सोचना, चाहना. In general basic verb stems in -आ do not yield causatives: लाना, बताना, मुस्कराना, (गाना is an exception: गवाना 'to make sing'). लिवाना, the causative of लेना, is rarely seen. Causatives themselves do not yield causatives: there is no करववाना 'to have X have Y do something'. To fill these gaps speakers of Hindi must use circumlocutions or approximate equivalents:

मैंने उससे इस मामले पर सोचने को कहा ।

'I had him think over this matter.'

उन्हें घर पर रहने दो । 'Have them stay at home.'

उसको यहां बुलाओ । मैं उसकी ख़बर लूंगा !

'Have him come over here. I'll fix his wagon!'

Drill 22A. Causatives.

Vocab. गीत m 13 -- song
मजबूर 11 -- compelled, forced
मोती m 6 -- pearl
भांग f 3 -- bhang (narcotic)
राखी f 2 -- a red string a woman ties on a man's wrist to signify that she regards him as a brother

By adding the actor suggested in parentheses convert the sentences below into causatives. You will have to decide whether the added agent should be the causal agent or the intermediate agent. Examples:

महरी ने तवा मांज दिया। (अम्मां)
अम्मां ने महरी से तवा मंजवा लिया।

वह हमेशा अपनी तारीफ़ के गीत गाता है। (और)
वह हमेशा औरों से अपनी तारीफ़ के गीत गवाता है।

Keep the tense the same, where possible.

1 मेरी पत्नी को यह कमरा अच्छा नहीं लगा। आप हमारे लिये बदल दीजियेगा। (मैनेजर)

२ डाक्टर दवा बनाने के लिये मोती कूट रहा है। (कंपाउंडर)

3 बढ़ई ने टूटी हुई हथौड़ी ठीक करने को कोशिश की। (बढ़ई का बेटा)

४ मुझसे इतने सारे कपड़े धोए नहीं जाएंगे। (बेचारा धोबी)

५ रानी का आना पक्का है या नहीं यह मेरा नौकर पता कर लेगा। (मैं)

६ मरीज़ केवल फल खा रहा है ताकि उसका इलाज जल्दी हो जाए। (डाक्टर)

७ उसकी बहन राखी बांध देने का अफ़सोस करने लगी। (मैं)

८ क्या इतने छोटे बच्चों का भी परीक्षा देना अनिवार्य है? (मां-बाप)

९ दुकानदार चीनी का दाम कम करने पर मजबूर थे। (सरकार)

10 होली पर लोगों का एक दूसरे को भांग पिलाना बुरा नहीं लगता। (एक दूसरा)

Drill 22A. Key.

1 आप हमारे लिये मैनेजर से बदलवा दीजियेगा।

२ डाक्टर दवा बनाने के लिये कंपाउंडर से मोती कुटवा रहा है ।

3 बढ़ई अपने बेटे से टूटी हुई हथौड़ी ठीक करवाने की कोशिश की ।

४ मुझसे बेचारे धोबी से इतने सारे कपड़े धुलवाए / धुलाए नहीं जाएंगे ।

५ रानी का आना पक्का है या नहीं यह मैं अपने नौकर से पता करवा / करा लूंगा।

६ डाक्टर मरीज़ को केवल फल खिलवा रहा है ताकि उसका इलाज जल्दी हो जाए ।

७ मैं उसकी बहन से राखी बंधवा लेने का अफ़सोस करने लगा ।

८ क्या मां-बापों का इतने छोटे बच्चों से भी परीक्षा दिलवाना / दिलाना अनिवार्य है ?

९ सरकार दुकानदारों से चीनी का दाम कम करवाने / कराने पर मजबूर थी ।

10 होली पर लोगों का एक दूसरे से भांग पिलवाना बुरा नहीं लगता ।

Exercise 22A. Causatives.

Translate into Hindi using causatives where appropriate.

1. Have this letter copied (नक़ल करना).
2. Shall I go and get this 5-rupee note changed at the tea-stall? (तोड़ना 3 'to change [a note]')
3. The captain used to make his soldiers polish their swords every morning. (चमकना 32 'to shine')
4. The teacher helps the students read one entire page (सफ़ा m 2) per day.

5. At the time of moving (घर बदलना) there's always the bother of getting your address changed.

6. She had her servant have the shopkeeper weigh the mangoes.

7. Have him come here, at least (तो सही)!

Exercise 22A. Key.

1	इस ख़त	की को	नक़ल	करा करवा	दो ।

२	क्या मैं यह पांच रुपये का नोट चाय की दुकान पर	तुड़वाकर तुड़ाकर	लाऊं ?

३	कप्तान रोज़	सवेरे सुबह	सिपाहियों से उनकी तलवारें चमकवाता था ।

४ मास्टर हर रोज़ छात्रों को एक पूरा सफ़ा पढ़ाता है ।

५	घर बदलते	वक़्त समय	पता बदलवाने	में की	हमेशा	परेशानी दिक़्क़त	होती है ।

६	उसने नौकर को	कहकर कहा कि वह	दुकानदार से आम तुलवाए ।

७	उसे यहां	आने तो दो भेजो तो	सही !	उससे यहां आने को कहो तो सही ! उसे यहां बुलाओ तो सही ज़रा !

22B. The marked habitual in -या कर-.

In addition to the ordinary habitual in -ता है, -ता था, -ता हो, etc. (see sections 1A and 5A), Hindi possesses a series of specially marked habitual forms in -या कर-:

हम तीन बजे खाना खाते हैं । 'We eat at three.'

हम तीन बजे खाना खाया करते हैं । 'We eat at three.'

The addition of -या to a verb's stem yields what is essentially the past participle (14A, 21B). However, -या in the marked habitual does not show agreement with the subject. It always remains -या:

मेरी भतीजी रोज़ वहां पैदल चली जाया करती थी ।
'My niece would go there every day on foot.'

Forms in -ता है stand in somewhat the same relation to forms in -या कर-, as stative है does to the habitual stative होता है (see section 1A):

यह मिर्च तेज़ है । 'This chili is hot.'

यह मिर्च तेज़ होती है ।
'This (type of) chili is (generally) hot (even if this particular one is not).'

बंगला का क्लास सुबह होता है ।
'Bengali class meets in the morning.'

बंगला का क्लास सुबह हुआ करता है ।
'Bengali class (generally) meets in the morning (even if not this particular morning).'

Thus, by stressing habituality, forms in -या कर- paradoxically also stress the non-universality of an action or event, a property which can be exploited to ironic effect:

दो और दो चार होते हैं । 'Two and two are four.'

दो और दो चार हुआ करते हैं ।
'(Usually) two and two are four (but maybe not when you're adding).'

वह मुझसे प्यार करती है । 'She loves me.'

वह मुझसे प्यार किया करती है ।
'She loves me (when there's no one else around).'

Another difference between the ordinary and the marked habitual is that the latter is exclusively habitual. It cannot be used in the progressive or future sense of the ordinary habitual in:

ऐस्प्रो निगलकर स्त्री ग़म की लम्बी सांस भरती है ।
'Swallowing an Aspro the woman breathes a long sigh of sorrow.' (stage direction; progressive sense)

मैं आपको अब एक ज़बरदस्त बात सुनाता हूं ।
'I'm going to tell you something special.'

On the other hand, the marked habitual allows habituality to be expressed in moods and tenses that are beyond the scope of ordinary habitual: the future, the imperative, the subjunctive of desire (see section 6A):

आगे से रोज़ ध्यान लगाया करूंगी ।
'From now on I'll (make it a practice to) meditate daily.'

रोज़ नमाज़ पढ़ा करो ताकि अल्लाह की तारीफ़ हुआ करे ।
'Make it a habit to read Namaz so that Allah may be praised.'

The compound verb occurs freely with -या कर- (although the कर- of -या कर- is never itself compound):

हम हर गणेशचतुर्थी को पुजारी को एक नारियल दिला दिया करेंगे ।
'We'll make it a point to have the priest given a coconut on every Ganesha Chaturthi.'

-या कर- is indifferent to voice:

होली गरमी के शुरू में मनाई जाया करती है।

'Holi is celebrated at the beginning of the hot season.'

-या कर- is not found in the progressive or perfect tenses. Nor does one find -या करना, -या करते हुए, -या करके or other non-finite forms of -या कर-.

It very rarely comes with चाहना, सकना or other verbs which express a state of affairs rather than actions or events. With verbs of starting, stopping or continuing (see 12A) it must come to the right. Thus, in

वह दिन भर बाज़ार में मारी मारी फिरती रहा करती थी।

'She used to keep wandering aimlessly about in the market all day long.'

one cannot say ...फिरा करती रहती है.

